धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात
रांची, शनिवार
31.08.2024
** नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 52 | 12



इंदिरा गांधी से जितना प्यार किया जाता था, उतना ही गुस्सा भी : कंगना




## न्यूज डायरी

### जानलेवा बनी दौड़ अबतक तीन की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में उत्पाद विभाग के सिपाही पद पर बहाली के लिए हो रही दौड़ जानलेवा साबित हो रही है। दौड़ लगाते हुए अभ्यर्थी लगातार बेहोश हो रहे हैं। शुक्रवार दोपहर तक तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गयी है। 100 से अधिक बीमार पड़ गये हैं। बीमार अभ्यर्थी पागलों की तरफ व्यवहार कर रहे हैं। उनके हाथ-पांव बांधकर या पकड़ कर इलाज किया जा रहा है। मृतकों में गया, बरैला लक्ष्मण बीघा के अमरेश कुमार (20), छतरपुर के अरुण कुमार और गोड्डा के प्रदीप कुमार शामिल हैं। चर्चा है कि स्टेमिना बनाने के लिए अभ्यर्थी नशीली दवा का सेवन कर रहे हैं।

### हजारीबाग में घूस लेते मुखिया पति गिरफ्तार

**हजारीबाग।** बड़कागांव में एसीबी ने एक व्यक्ति को 25 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया है। राजकुमार साहू पूर्वी पंचायत के मुखिया विमला देवी का पति है। राजकुमार साहू से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है।

### बहन से मिलने आये प्रेमी की पीट-पीट कर हत्या

**मेदिनीनगर।** बहन से मिलने आये प्रेमी की दो भाइयों ने लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी। उसका शव बजलपुर पाठकपगार में अमानत नदी किनारे से बरामद किया गया। उसकी पहचान पांकी के कोनवाई के मेहक कुमार सिंह (22) के रूप में हुई। भाई ने मामला दर्ज कराया।

### आलोक राज बनाये गये बिहार के डीजीपी

**पटना ।** बिहार को नया डीजीपी मिल गया है। डीजीपी आरएस भट्टी को सीआइएसएफ का डीजी बनाये जाने के बाद उनकी जगह आलोक राज को बिहार पुलिस की कमान दी गयी है। उन्हें विजलेंस इनवेस्टिगेशन यूनिट के डीजी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अगले आदेश तक आलोक राज निगरानी ब्यूरो के साथ डीजीपी का काम करते रहेंगे।

### सिख दंगा में टाइटलर पर आरोप तय

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को 1984 सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दे दिया। अब कांग्रेस नेता टाइटलर को भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत आरोपों का सामना करना पड़ेगा।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67400 | रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 87000 | रु./प्रति किलो |




# चंपई की जगह सोरेन बने मंत्री, मिला वही विभाग

## राज्यपाल ने रामदास सोरेन को दिलायी 12वें मंत्री पद की शपथ, सीएम समेत सभी मंत्री थे मौजूद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के कद्दावर नेता रामदास सोरेन ने शुक्रवार को राजभवन में झारखंड के 12वें मंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें पद एवं गपोनीयता की शपथ दिलायी। श्री सोरेन को चंपई सोरेन की जगह झारखंड सरकार का मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें वही विभाग भी सौंपा गया जो पहले चंपई सोरेन को दिया गया था। शपथ लेने के बाद राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी। रामदास पहली बार कैबिनेट में शामिल हुए हैं।शपथग्रहण समारोह में सीएम हेमंत मंत्री रामेश्वर उरांव, सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, हफिजुल हसन, दीपक बिरुआ, दीपिका पांडेय सिंह समेत विधायक सविता महतो, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, सुखराम उरांव, कल्पना सोरेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद श्री सोरेन ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन से जा कर आशीर्वा लिया।



(शेष पेज 11 पर)

### कोल्हान पर ही फोकस

कोल्हान टाइगर चंपई के इस्तीफे के बाद सीएम हेमंत सोरेन ने कोल्हान से ही मंत्रीपद के लिए रामदास सोरेन को चुना। रामदास सोरेन को उन्हीं विभागों का मंत्री बनाया गया है जो विभाग चंपाई सोरेन को दिया गया था। ऐसा करके हेमंत कोल्हान में अपनी पकड़ कमजोर होने से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। रामदास सोरेन घाटशिला विधानसभा सीट से दो बार (2009 और 2019) विधायक रह चुके हैं।

### हेमंत ने तीन मंत्रियों के विभाग बदले

**रांची।** मंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद सीएम हेमंत सोरेन की सलाह पर राज्यपाल ने तीन मत्रियों के विभाग में फेरबदल कर दिया। शुक्रवार को शपथ लेनेवाले रामदास सोरेन को जल संसाधन और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग का मंत्री बनाया गया है। मिथिलेश कुमार ठाकुर को कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मिला है। यह विभाग पहले हफीजुल हसन के पास था। उनके पास पहले से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और पर्यटन विभाग है। वहीं मंत्री हफीजुल हसन के पास अब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और निबंधन विभाग है। **मामूली फेर-बदल : मिथिलेश कुमार ठाकुर :** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग। **हफीजुल हसन :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, निबंधन विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग। **रामदास सोरेन :** जल संसाधन विभाग और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

# कोल्हान टाइगर भाजपाइ हो गये

### चौहान, सरमा बाबूलाल ने चपई को दिलायी भाजपा की सदस्यता

## भावुक होकर बोले चंपई, जिसे सींचा, वहीं अपमान हुआ

### टाइगर अभी जिंदा है, इस सरकार को उखाड़ फेंके : शिवराज सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के टॉप लीडर और पूर्व सीएम रहे चंपाई सोरेन शुक्रवार से भाजपाई हो गये। शुक्रवार को धुर्वा में भाजपा द्वारा आयोजित मिलन सह अभिनंदन समारोह में चंपई सोरेन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी में उनका स्वागत करते हुए केंद्रीय मंत्री सह झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि टाइगर अभी जिंदा है।

चंपाई सोरेन ने अपने भाषण के अंत में भी जय झारखंड के साथ जय श्रीराम का नारा भी बुलंद किय। शिवराज सिंह चौहान और, हिमंता विस्वा सरमा तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कोल्हान टाइगर और उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन को पार्टी की सदस्यता दिलायी। मौके पर चंपई सोरेन ने अपनी पूरानी पार्टी झामुमो सहित सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी को भी निशाने पर लिया। इस मौके पर कोल्हान समेत अन्य जगहों से आये बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।




**जिसे खून-पसीने से सींचा, वहां अपमान मिला :** भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद भावुक चंपाई सोरेन ने मंच पर मौजूद नेताओं का संताली में अभिवादन किया।

उन्होंने कहा, जिस संगठन को खून-पसीने से सींचा, वहां मुझे अपमानित किया गया। मैंने राजनीति से संन्यास लेना तय कर लिया था, पर जनता का दुख-तकलीफ और मेरे प्रति विश्वास देखकर राजनीति में बने रहने का फैसला किया। झामुमो और हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए चंपई ने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे लोग ही मेरी जासूसी करायेंगे।

**चुनाव में झामुमो- कांग्रेस को सबक सिखायेंगे :** भाजपा की सदस्यता लेते ही चंपइ सोरेन झामुमो और कांग्रेस पर जम कर भड़के उन्होंने कहा कि दोनों को आगामी विधानसभा चुनाव में सबक सिखायेंगे। उन्होंने कहा कि अगर संताल परगना को बचाना है, आदिवासियों को बचाना है, तो तो एक ही पार्टी भाजपा है, जो यह काम कर सकती है। संताल को बचाने के लिए मैंने बीजेपी में आने का फैसला किया। किसी भी कीमत पर झारखंड में आदिवासियों पर अत्याचार नहीं होने देंगे। घुसपैठियों को निकालने, आदिवासियों और उनकी जमीन को बचाने के लिए हम अपने पूर्वजों की तरह संघर्ष करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

### सीता ने चाचा का पार्टी में किया स्वागत

भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने अपने संबोधन में चाचा चंपाई सोरेन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री ने तीर धनुष को कब्जा करने का काम किया है। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि वो चाचा का अपमान करेंगे। मैंने 14 साल अपमान सहा। आज जेएमएम टूटने वाला है। सीता ने कहा कि झामुमो में पुराने नेता जिसने पार्टी को खड़ा किया, वो लगातार अपमानित किये जा रहे हैं।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण शुरू

# सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठायें : हेमंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण की शुरूआत हो गयी। यह जनसंपर्क कार्यक्रम 15 सितंबर तक जारी रहेगा। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के विशेष शिविर लगाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की जनता से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। तमाम विधायक व नेता और सभी जिलों के डीसी लोगों को अपने नजदीकी पंचायत/वार्ड में जाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील कर रहे हैं।




**सरकार पहुंच रही आपके द्वार :** हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आपकी सरकार आपको योजनाओं का लाभ देने के लिए चौथी बार आपके द्वार पहुंच रही है। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इसके अलावा महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर लोगों से लाभ उठाने की अपील की है।

(शेष पेज 11 पर)

### केंद्र व राज्य का नहीं मिला जवाब, हाइकोर्ट लगायी फटकार, कहा

# झारखंड में घुसपैठ के जरिये धर्मांतरण का खेल चल रहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को मौखिक रूप से कहा कि झारखंड में घुसपैठ के जरिये आदिवासियों के धर्मांतरण का खेल चल रहा है। धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर कोर्ट ने दोनों को फटकार लगायी। कोर्ट ने कहा कि राज सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए कई मौके दिये, लेकिन जवाब दाखिल नहीं हुआ। केंद्र सरकार भी इस मुद्दे पर उदासीन है और अपना जवाब दाखिल नहीं कर रही है। लगता है केंद्र और राज्य सरकार मिलकर ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर जनता को दिगभ्रमित कर रहे हैं। अगर सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया तो सरकार पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

**अगली सुनवाई पांच को**

वहीं राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिलों में धर्मांतरण को लेकर डाटा इकट्ठा कर लिया गया है। शपथ पत्र के माध्यम से जल्द दाखिल कर दिया जायेगा। (

शेष पेज 11 पर)

# 2029 में रिकॉर्ड चौथी बार भी सरकार बनाऊंगा : मोदी

## 10वें फिनटेक में भी आऊंगा, लंबे समय तक सत्ता में बने रहने का इरादा

**एजेंसी**

**मुंबई।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि वह 2029 में रिकॉर्ड चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में वापसी करेंगे। कुछ राजनीतिक पंडितों ने दावा किया था कि हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा के अपने दम पर बहुमत हासिल नहीं करने के कारण मोदी की चमक फीकी पड़ गयी है।

वहीं उनके दावों के उलट पीएम मोदी ने फिनटेक उद्योग के कुछ जानेमाने लोगों के एक समूह से कहा कि वह 2029 में उनके 10वें वार्षिक कार्यक्रम में भी मौजूद रहेंगे। मोदी ने अपने भाषण में कहा, यह ग्लोबल फिनटेक फेस्ट का पांचवां संस्करण है। मैं 10वें संस्करण में भी आऊंगा। यह वार्षिक आयोजन 2020 में शुरू हुआ था और 10वें संस्करण का आयोजन 2029 में होगा।



**हमारा सर्वश्रेष्ठ आना अभी बाकी है :** प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि भारत का फिनटेक इकोसिस्टम' पूरी दुनिया के जीवन को आसान बनायेगा। हमारा सर्वश्रेष्ठ अभी आना बाकी है...मैंने यहां कुछ स्टार्टअप शुरू करने वालों से मुलाकात की और उन्हें 10 काम सौंपे हैं, क्योंकि फिनटेक एक बहुत ही आशाजनक क्षेत्र है। मोदी ने कहा कि भारत की फिनटेक क्रांति व्यापक रूप से फैली हुई है और कोई भी व्यक्ति हवाई अड्डे पर पहुंचने से लेकर स्ट्रीट फूड और शॉपिंग सेंटर तक इसका साक्षी बन सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में उद्योग को 31 अरब डॉलर से अधिक का रिकॉर्ड निवेश प्राप्त हुआ है और साथ ही स्टार्टअप में 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि सस्ते मोबाइल फोन, सस्ता डेटा और शून्य बैलेंस वाले जन धन बैंक खातों ने भारत में कमाल कर दिया है।

**कब होगा अगला चुनाव :** भारत में अगला आम चुनाव अप्रैल-मई 2029 में होने हैं। भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत हासिल किया था। वहीं 2024 में उसके सांसदों की संख्या बहुमत के लिए जरूरी 272 के आंकड़े को नहीं छू पायी। ऐसे में सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के दूसरे घटक दलों के समर्थन पर निर्भर है।


### विपक्ष पर जम कर भड़के

विपक्ष को आड़े हाथ लेते हुए मोदी ने कहा कि अपने को विद्वान मानने वाले कुछ लोग संसद में खड़े होकर पूछते थे कि गांवों में बैंक नहीं हैं, इंटरनेट कनेक्शन नहीं हैं और बिजली नहीं है, रिचार्जिंग कहां होगा, तो फिनटेक क्रांति कैसे आयेगी। उन्होंने कहा, सरस्वती जब बुद्धि बांट रही थीं, तो ऐसे लोग रास्ते में पहले ही खड़े थे। वो मुझ जैसे चायवाले' से भी यह पूछते थे।'' मोदी ने कहा कि फिर भी भारत ने एक दशक में असाधारण क्रांति देखी है।

# पाक से वार्ता नहीं, उसी की भाषा में जवाब देंगे : जयशंकर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पड़ोसी देश पाकिस्तान को साफ लफ्जों में कह दिया है कि उसके साथ बातचीत का दौर अब खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के हर कदम का जवाब उसी की भाषा में देगा, जो वह समझता है। यहां आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ पड़ोसी देश हमेशा के लिए समस्या बने रहते हैं। वे कभी भी नहीं सुधरते। जयशंकर ने आगे कहा कि किसी भी कोने से देश की तरफ देखा जाये तो ये पड़ोसी समस्या बनकर आते हैं। कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जो कभी नहीं सुलझते। उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे लगता है कि पड़ोसियों का यह स्वभाव ही बन गया है कि उनके साथ रिश्ते एक-जैसे नहीं रहते।



**हर एक्शन का होता है रिएक्शन**

जयशंकर ने कहा कि यह याद रखना चाहिए कि हर एक्शन का रिएक्शन होता है। जहां तक जम्मू-कश्मीर की बात है वहां से आर्टिकल 370 को कभी का हटाया जा चुका है।

(शेष पेज 11 पर)

## सीएम हेमंत सोरेन से मिलीं राज्य की पोषण सखी दीदियां, जताया आभार, कहा

# राज्य सरकार द्वारा पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्यहित के कई अहम निर्णय लिए गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति सहृदय आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री से मिलकर पोषण सखी दीदियों ने विगत 29 अगस्त को मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आँगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से हम सभी पोषण सखी काफी हर्षित और उत्साहित हैं। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम निरंतर कर रही है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिया गया हर निर्णय सराहनीय है। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी!

**पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए गये :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीति का निर्धारण भी किया गया है, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार समर्पित रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बेबी देवी, दीपक बिरुआ और विधायक सुखराम उरांव, दशरथ गागराई, समीर मोहंती, संजीव सरदार, मंगल कालिंदी, निरल पूर्ति, विधायक कल्पना सोरेन के अलावा विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों में प्रमिला कुमारी, रुबिया खातून, अंजनी कुमारी, तारा गुप्ता, सुषमा कुमारी, मनोरमा कुमारी, सोनी कुमारी, डॉली कुमारी, मुसर्रत आरा, ज्योति कुमारी, रीता दास, किरण कुमारी, रेखा कुमारी, प्रमिला देवी, सीमा कुमारी, ज्योति दास, शबनम बानो, प्रिया कुमारी, आलम आरा, मनीषा टुडू, सोनिया हंसदा सहित अन्य उपस्थित थीं।

## मिथिलेश ठाकुर ने पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का लिया प्रभार



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम मोरहाबादी, रांची स्थित कार्यालय पहुंचकर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग का प्रभार ग्रहण किया। विभाग के सचिव मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड को खेल और पर्यटन के क्षेत्र में आगे लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस विभाग में ज्यादा फोकस के साथ काम करेंगे, जिससे और ज्यादा अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

मौके पर क्रीड़ा निदेशक संदीप कुमार, झारखंड पर्यटन विकास निगम के प्रबंध निदेश प्रेम रंजन सहित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मंत्री बनते ही गुरुजी का आर्शीवाद लेने सीएम संग पहुंचे रामदास सोरेन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य समन्वय समिति के अध्यक्ष-सह-राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित आवास में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं राज्य के नवनियुक्त मंत्री रामदास सोरेन ने मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से आशीर्वाद लिया। मौके पर दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने राज्य के मंत्री के रूप में शपथ लेने पर रामदास सोरेन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मंत्री बनते ही सपरिवार सीएम हेमंत से मिलने पहुंचे रामदास



मंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलने कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। उनके साथ इका पूरा परिवार था। सि दौरान राज्य के नवनियुक्त मंत्री रामदास सोरेन एवं उनके परिजनों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजर को चिन्हित करें : के रवि कुमार

- **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**
- **मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को साझा करने का निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन से ऑनलाईन मध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन कार्य में लगे कंप्यूटर ऑपरेटर भी शामिल थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में खराब प्रदर्शन करने वाले बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को चिन्हित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ अपने क्षेत्र में ठीक से कार्य नहीं करेंगे तो निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य में जिन जिलों में मतदाता पंजीकरण से जुड़े अधिक आवेदन लंबित है वे इसके लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी लंबित आवेदनों की संख्या शून्य करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने सभी उप निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने जिलों के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कराना सुनिश्चित कर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से जुड़ी सारी जानकारियां उपलब्ध कराएं साथ ही यदि उनके द्वारा मतदाता सूची से संबंधी कोई त्रुटि प्रतिवेदित की जा रही हो तो उसे चिन्हित करते हुए उसका निराकरण करें। श्री कुमार ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य ले लें कि उनके क्षेत्र में 18 वर्ष से कम उम्र का कोई भी मतदाता पंजीकृत नहीं किया गया है। मतदाता सूची में किसी प्रकार का गलत विलोपन न हुआ हो इसकी पुष्टि के लिए भी सभी बीएलओ से इसका सर्टिफिकेशन अवश्य कर लें। समीक्षा बैठक में राज्य में चल रहे इलेक्शन क्विज 2024 प्रतियोगिता परीक्षा के विस्तृत प्रचार के लिए भी निर्देश दिए गये। साथ ही कहा गया कि मतदाताओं के बीच ईवीएम संबंधित जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार कर लें। इसके अतरिक्त बैठक में नाम जांचो अभियान, एपिक पीडीएफ जेनरेशन, नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन, निर्वाचन संबंधी बकायों के ससमय भुगतान आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गये। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार भी मौजूद थे।

## हाइकोर्ट ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को किया तलब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के शीघ्र चालू करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट की खंडपीठ ने साहिबगंज के लोगों को अब तक पाइपलाइन से जलापूर्ति नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि पानी लोगों की मुख्य जरूरत होती है, राज्य सरकार साहिबगंज के लोगों को क्यों प्यासा रखना चाहती है।

नाराज कोर्ट ने सोमवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि साहिबगंज में पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने हेतु रेलवे से एनओसी लेना था, इसके एवज में रेलवे को पैसे की भुगतान करने की प्रक्रिया जारी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2017 में ही रेलवे से एनओसी मांगी गई थी इसके बाद 7 साल तक सरकार की ओर से कोई आगे पहल नहीं की गई।

इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने खंडपीठ को बताया कि साहिबगंज में पाइपलाइन जलापूर्ति योजना वर्ष 2012 से चल रही है। पूर्व में भी जनहित याचिका दायर की गयी थी, जो आदेश के साथ वर्ष 2016 में निष्पादित हो गयी थी। जब पाइपलाइन जलापूर्ति शुरू नहीं हुई, तो प्रार्थी ने दोबारा जनहित याचिका दायर की है। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी सिद्धेश्वर मंडल ने जनहित याचिका दायर कर पाइपलाइन जलापूर्ति योजना को शीघ्र चालू करने की मांग की है।

# सीएम आवास का घेराव करने पहुंचे आईसीटी कंप्यूटर शिक्षकों को पुलिस ने रोका, वार्ता के बाद लौटे शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड में सियासी उथल-पुथल के बीच आज जहां एक तरफ हेमंत सोरेन कैबिनेट में चंपाई सोरेन के इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह रामदास सोरेन मंत्री पद का शपथ ग्रहण कर रहे थे। वहीं, दूसरी तरफ आईसीटी कंप्यूटर शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे थे। वे अपनी मांगों को लेकर पिछले 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। उनके दो साथी पिछले सात दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। उनकी तबियत लगातार बिगड़ती चली जा रही है, लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। जेईपीसी, शिक्षा मंत्री तथा झारखंड के लगभग सभी मंत्रियों और विधायकों को अपनी परेशानियों से अवगत कराने के बावजूद इनकी मांगों पर कोई विचार नहीं होने के कारण अंत में मजबूर होकर आज कंप्यूटर शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास मार्ग (न्यू पुलिस लाइन) को प्रशासन ने पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया तथा पुलिस द्वारा उन्हें वहां से हटने पर मजबूर किया गया।

कंप्यूटर शिक्षक मुख्यमंत्री से मिलने की जिद पर अड़े हुए थे मगर पुलिस उनकी बातों को सुनने के लिए तैयार नहीं थी। अंत में कंप्यूटर शिक्षकों के 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए बुलाया गया। वार्ता के बाद मुख्यमंत्री आवास की तरफ से कहा गया की उनकी मांगों को 1 अगस्त को ही शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है और उचित कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं। मालूम हो कि आईसीटी योजना का संचालन विभिन्न चयनित सरकारी विद्यालयों में सरकार द्वारा बूट मॉडल पर किया जा रहा है। बताते चलें कि झारखंड आईसीटी स्कूल कॉर्डिनेटर वेल्फेयर एसोसिएशन के बैनर तले पूरे झारखंड से आईसीटी इंस्ट्रक्टर्स 5 अगस्त से हड़ताल पर हैं। 8 अगस्त को जेईपीसी का घेराव किया गया, जिसके बाद जेईपीसी ने लिखित आश्वासन दिया था कि 20 अगस्त तक उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लेकिन 20 अगस्त के बाद भी जेईपीसी द्वारा आईसीटी इंस्ट्रक्टर्स की समस्याओं का कोई भी समाधान नहीं किया गया। इसके बाद सभी आईसीटी इंस्ट्रक्टर्स 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। साथ ही 5 से 8 अगस्त तक हड़ताल में रहने और 8 अगस्त को जेईपीसी का घेराव करने के कारण तन्मय कुमार और उनके दो साथियों को कंपनी के द्वारा टर्मिनेट किया गया है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारी बदले

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के तीन अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। संयुक्त सचिव पेयजल स्वच्छता विभाग जयदीप तिग्गा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण चाईबासा के पद पर पदस्थापित किया गया है। अपर उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम योगेंद्र प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक अपने वेतनमान में नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम के पद पर पदस्थापित किया गया है। इनके अलावा क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी दक्षिण छोटा नागपुर प्रमंडल रांची गौतम कुमार भगत को स्थानांतरित करते हुए साहिबगंज में अपर समाहर्ता के रिक्त पद पर पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### एसबीआई धुर्वा में एचईसी का एकाउंट फ्रीज

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट के सब जज-1, चंद्रभानु कुमार की अदालत ने एमएसएमई की एक कंपनी के बकाए भुगतान नहीं करने के एक मामले में स्टेट बेंक ऑफ इंडिया के धुर्वा ब्रांच में एचईसी का एकाउंट फ्रीज करने का आदेश दिया है। यह कार्रवाई आज अदालती देखरेख में होगा। मालूम हो कि दयानंद इंजीनियरिंग नामक एमएसएमई कंपनी ने एचईसी हटिया को कुछ सामानों की आपूर्ति की थी। लेकिन वर्षो तक उसका भुगतान नहीं किया गया था। ट्रिब्यूनल से भी उसके बकाया भुगतान का आदेश हुआ था, लेकिन अभी तक नहीं किया गया था। बाद में मामला सिविल कोर्ट में पहुंचा जहां उक्त कार्रवाई का आदेश दिया गया। यह जानकारी वादी के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कुमार सिंह ने दी।

### आज परिवहन मंत्री से मिलेगा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन

**रांची।** झारखंड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता की। इसमें बताया गया कि पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन का आंदोलन मार्जिन, सरकारी बकाया, वैट समेत 9 सूत्री मांगों को लेकर चल रहा था। मौके पर एसोसिशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि सरकार से साकारात्मक वार्ता हुई है। वहीं आगामी 2 सितंबर को होने वाली हड़ताल 28 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। पीएसयू सेंटर को हटाने की मांग की लेकर कल परिवहन मंत्री से मुलाकात होगी।

### इंटक नेता राणा संग्राम सिंह की हालत गंभीर, मेडिका में भर्ती

**रांची।** इंटक के राष्ट्रीय वरीय सचिव और एचईसी की मान्यताप्राप्त हटिया प्रोजेक्ट वकर्स यूनियन के महामंत्री राणा संग्राम सिंह की तबीयत खराब है। इलाज के लिए उन्हें मेडिका अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया रामा संग्राम सिंह यूरोसेप्सिस बीमारी से पीड़ित हैं और उन्हें एक सप्ताह पूर्व ही अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। मेडिका के चिकित्सकों का कहना है कि उनका लीवर ,किडनी काम करना बंद कर दिया है। आम आदमी का ब्रेन 15 % काम करता है, लेकिन राणा साहेब का ब्रेन 6% काम करता है। 3% पर ब्रेन डेड है और फिलहाल उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है।

संयुक्त बिहार के श्रमिक आंदोलन के पुरोधा राणा संग्राम सिंह की बीमारी की खबर पाकर शुक्रवार को सैंकड़ों मजदूर नेता व शुभचिंतक उनका हालचाल जानने मेडिका अस्पताल पहुंचे। मजदूर नेता के रूप में राणा साहेब ने बोकारो, टाटानगर, धनबाद, गोमिया, पतरातू, सिंदरी,हजारीबाग, पटना, डिहरी क्षेत्र में अलग पहचान बना ली थी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशरव महतो कमलेश ने खूंटी के संवाद आपके कार्यक्रम में कार्यकर्त्ताओं का मनोबल बढ़ाया

# झारखंड में महागठबंधन की सरकार लिख रही है विकास की नयी इबारत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ संवाद किया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह कार्यक्रम जिला संगठन के निचले स्तर से लेकर ऊपर तक के कार्यकताओं की मनोभावों, विचारों को जानने के लिए है ताकि हम उसके अनुसार अपने कार्यक्रम और नीतियां तय कर सकें। हम चाहते हैं कि संगठन के निचले स्तर से आवाज आए जिससे संभव हो सके तो झारखंड के विकास के लिए नीति निर्धारण का काम अच्छे तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि चुनावी रण क्षेत्र तैयार है और ऐसे समय में हमें जरूरत है कि कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाएं, सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जितने अधिक लोगों तक हम पहुंचा सकेंगे, उतना फायदा संगठन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार विकास की नयी इबारत लिख रहीं है,इसे जन-जन तक पहुंचाना हैं।

कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरॉव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह से अपने एक मत होकर कांग्रेस की जीत में अग्रणी भूमिका निभाई है इस तरह आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और महागठबंधन उम्मीदवारों की जीत निश्चित करने की जिम्मेवारी आपके कंधों पर है। सांगठनिक मजबूती से ही हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सरकार बनाने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सकते हैं। सरकार के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने और विपक्ष द्वारा फैलाई जा रहे झूठ से जनता को बचाए रखने का अलग भार आप पर है इसे हर हाल में निभाना है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड अध्यक्ष रवींद्र सिंह, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजिनी, मानस सिन्हा,रमा खलखो,आभा सिन्हा,दयामनी बारला,डॉ अजय शाहदेव,ईश्वर आनंद,अमरेन्द्र सिंह, पलामू ज़िला अध्यक्ष बिप्तू पाठक,चतरा ज़िलाध्यक्ष प्रमोद दूबे,भानु प्रताप बड़ाईक सोशल मीडिया संजय जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा साथ वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

# डेंगू के 60 मरीज मिले, उपायुक्त ने बुलायी हाई लेवल मीटिंग

- प्रशासनिक, स्वास्थ्य पदाधिकारियों व निजी अस्पताल, कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक
- घरों में लार्वा मिलने पर जुर्माना वसूले, सितंबर में भी डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी : अनन्य मित्तल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में डेंगू के प्रसार को लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। नगर निकायों में लार्वा जांच अभियान हो या साफ-सफाई, फॉगिंग, लापरवाही बरतने वालों से जुर्माना वसूलना सभी एहतियातन कदम उठाये जा रहे हैं। इसी क्रम में डीसी अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य विभागीय पदाधिकारियों तथा निजी अस्पताल, कंपनी प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अबतक के कार्रवाई की समीक्षा की गयी। डीडीसी मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, वीबीडी पदाधिकारी डॉ ए मित्रा, डीआरसीएचओ डॉ रंजीत पांडा, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ असद, जुस्को तथा निजी अस्पतालों के प्रतिनधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

जिले में अबतक 60 लोग डेंगू पॉजिटिव पाये गये हैं जिसमें जमशेदपुर के 42 लोग शामिल हैं। डेंगू जांच अभियान को लेकर बताया गया कि 2 लाख 26 हजार 61 घरों में सर्च किया गया जिसमें 9617 घर इंफेक्टेड पाये गये। वहीं 50 हजार रुपये से ज्यादा का जुर्माना वसूला गया। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने अबतक की कार्रवाई को संतोषजनक बताते हुए सितंबर माह में भी और सतर्क एवं सजग होकर कार्य करने का निर्देश डेंगू टास्क फोर्स को दिया।


समीक्षा बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल और डीडीसी मनीष कुमार।

डीसी ने सभी नगर निकाय, जुस्को एवं डेंगू टास्क फोर्स को जांच में लार्वा मिलने वाले घरों के मालिक के विरूद्ध अनिवार्य रूप से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जनसहभागिता से ही डेंगू का प्रभावी तरीके से रोकथाम संभव है, इस लड़ाई में इंफॉरमेशन और कम्यूनिकेशन महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होने सभी नगर निकाय एवं प्रखंडों में डेंगू को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान पर बल दिया। नगर निकायों को कचरा उठाने वाले वाहन के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने तथा माइकिंग कराए जाने का निदेश दिया। साथ ही साफ सफाई व अन्य आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिया। साथ ही नालियों की नियमित साफ-सफाई कराने, एंटी लार्वा का छिड़काव किए जाने का निर्देश दिया गया।

डेंगू से पीड़ित मरीजों को अस्पताल पहुंचने पर तुरंत इलाज शुरू किया जा सके इसके लिए सरकारी व निजी अस्पतालों में पर्याप्त संख्या में बेड की व्यवस्था एवं डेडिकेटेड टीम तैयार रखने का निदेश दिया गया। जिले में वर्तमान में 03 डेंगू पीड़ित आईसीयू में भर्ती है जिनकी हालत स्थिर बताई गई। जिला तथा प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारियों को डेंगू संभावित घरों की लगातार जांच करने और इससे लोगों के बचाव के सभी उपाय करने को कहा।

डीसी द्वारा विशेषकर युवाओं से अपील की गई कि खुद भी जागरूक होते हुए लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक करें, हमेशा मच्छरदानी के अंदर सोयें, घर के अंदर या आसपास पुराने, टायर, बर्तन, फूलदान आदि में पानी जमा नहीं होने दें, तेज बुखार, जोड़ों एवं मांसपेशियों में दर्द के लक्षण को अनदेखा नहीं करें, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जायें और चिकित्सक से परामर्श लें।

## स्पीड न्यूज



### भाजमो छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए विनोद यादव

**जमशेदपुर।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में सदस्यता ग्रहण समारोह का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता की अध्यक्षता में भुइयांडीह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नव आगंतुक सदस्यों को एवं पदाधिकारियों को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने सभी नव आगंतुक सदस्यों को शपथ दिलाया तथा माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी का झंडा प्रदान किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले नेता में विनोद यादव भुइयांडीह मंडल अध्यक्ष भाजमो के नेतृत्व में लगभग सभी पदाधिकारी एवं मंडल क्षेत्र में पड़ने वाले सभी बुथ कमिटी के सैकड़ों सदस्यों के साथ कांग्रेस पार्टी में सदस्यता ग्रहण किया।

### भाजमो के भुइयांडीह मंडल अध्यक्ष बने अर्जुन

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा है कि कांग्रेस में चार दिन पूर्व शामिल हुए विनोद यादव विगत दिनों भारतीय जनतंत्र मोर्चा भुइयांडीह मंडल अध्यक्ष के पद से हटाये जाने के बाद से ही गलतबयानी कर सुर्खियां बटोरने का कुंठित प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन कार्यों में उदासीनता बरतने और निष्क्रीय रहने के कारण विनोद यादव को भाजमो के भुइयांडीह मंडल अध्यक्ष पद से हटाया गया था और समाजसेवी अर्जुन यादव को भाजमो भुइयांडीह मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति के तुरंत बाद से ही विनोद यादव गलतबयानी कर पार्टी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विधायक सविता महतो ने टीएमएच से 50 हजार का बिल माफ कराया

**चांडिल।** नीमडीह के आदारडीह निवासी लक्ष्मी कुमारी का प्रेगनेंसी की समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इस दौरान वे स्वस्थ हुए और इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल काफी हो गया। परिजनों ने कुछ बिल चुकाने के बाद बाकी बचे शेष बिल चुकाने में असमर्थता जताते हुए इसकी जानकारी झामुमो कार्यकर्ता राजकुमार कुम्हार के माध्यम से विधायक सविता महतो को दी। विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर 50 हजार का बिल माफ कराया। इसकी जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य सह विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो ने दी।

### चंपाई के आने से पार्टी को मिलेगी मजबूती



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कोल्हान टाइगर के नाम से मशहूर चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गए हैं। शुक्रवार को रांची के धुर्वा स्थित गोलचक्कर मैदान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलायी गयी। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने उनके इस निर्णय का स्वागत किया है। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में आने पर पार्टी को निश्चित रूप से कोल्हान क्षेत्र समेत पूरे झारखंड में मजबूती मिलेगी।

### एसएसपी ने की लंबित कांडों की समीक्षा

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम,जमशेदपुर के निदेशानुसार कार्यालय सभागार में लंबित कांड /आइटीएसएसओ / आईआरएडी / जेओएफएस / सीपीएमएस ( लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की) संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने को लेकर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

# आरएमपी बी महतो हत्याकांड के तीनों अपराधकर्मी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**पोटका।** सरायकेला के राजनगर थाना पुलिस ने प्रसिद्ध आरएमपी बी मंडल हत्याकांड मामले का खुलासा करते हुए तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की गिरफ्त में आए अपराध कर्मियों में चंदन गोप, रोहित सिंह और त्रिदेव गोप शामिल है। चंदन गोप तथा रोहित सिंह को पोटका पुलिस ने कल ही घेराबंदी कर देवली के पास से गिरफ्तार कर लिया था। तीसरा अभियुक्त त्रिदेव गोप जो घटना के बाद कार से भाग गया था उसे रात्रि में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उनके पास में घटना में प्रयुक्त एक लोडेड पिस्टल, एक बिना नंबर का बलेनो कार, अभियुक्त चंदन गोप के पास से शरीर में पहना हुआ कपड़ा, घटना में प्रयुक्त अभियुक्त चंदन के पास से एक मोबाइल, बलेनो कार के फुटमेट, अभियुक्त त्रिदेव का फुल टीशर्ट, दो नंबर प्लेट, अभियुक्त त्रिदेव के पास से गेरूआ रंग का गमछा, एक मोबाइल, चप्पल वगैरह बरामद किया हैं।






अपराधियों ने इसी कार से किया था अपहरण और राजनगर थाने में संवाददाताओं के सामने अपराधियों को पेश करते एसपी मुकेश लुणावत।

इस संबंध में सरायकेला के एसपी मुकेश कुमार लुणावत ने बताया कि डॉक्टर के अपहरण की सूचना मिलते ही सरायकेला एवं जमशेदपुर के आसपास के थानों द्वारा तत्परता दिखाते हुए महज कुछ ही घंटे के भीतर तीनों अपराध कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। राजनगर थाना में इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

**ऐसे पकड़ाये अपराधी :** अपहरण करने के बाद आरएमपी डॉ को आरोपी कार से कोवाली थाना क्षेत्र के जंगल में लेकर गए। जहां गोली मारकर उनकी हत्या कर शव को फेंक दिया। जिसके बाद तीनों कार से फरार हो गये। मगर इसी बीच सूचना पाकर पुलिस ने कार को रोका तो एक आरोपी वहां से भाग गया। जबकि दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में छापेमारी कर तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल तीनों आरोपी को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## एक नजर में

### सिख समुदाय ने की विवादित फिल्म इमरजेंसी पर तत्काल रोक लगाने की मांग



**जमशेदपुर।** नगर के सिख समुदाय ने हिन्दी फिल्म इमर्जेंसी के प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करते हुए डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। सीजीपीसी के अध्यक्ष भगवान सिंह की अगुवाई में प्रदर्शन में शामिल सिख नेताओं ने कहा कि देश की विवादित सांसद कंगना रनौत द्वारा निर्देशित फिल्म ईमरजेंसी बनायी गयी है जो 6 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में सिखों को दहशतगर्द बोलकर सिखों को अपमानित किया गया है। इसके साथ सिखों के लिए कई अपशब्द बोले गये हैं। जिसके कारण देश के सिखों में गहरा आक्रोश है। इस विषय को लेकर सेंट्रल गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा एक बैठक की गई जिसमें शहर के सभी गुरुद्वारा कमेटियों एवं अन्य सभी संस्थाओं द्वारा निर्णय लिया गया कि इस फिल्म को किसी भी सूरत में पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में नहीं चलने दिया जायेगा। डीसी से मांग की गई कि इस विषय पर तत्काल उचित कारवाई कर इस फिल्म पर तत्काल पाबंदी लगायी जाये।

### मंत्री बनने पर रामदास को विधायक मंगल ने दी बधाई



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम के जिलाध्यक्ष और घाटशिला विधायक रामदास सोरेन को मंत्रिमंडल में शामिल किये जाने और उनके शपथ लेने के बाद जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उनसे मिलकर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि रामदास सोरेन एक अनुभवी और जुझारू नेता हैं उनके अनुभव का सरकार और पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन और अन्य मंत्री गण और विधायक गण भी थे।

### फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया में शामिल हुआ पीएसजे



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को फोटो वीडियो एशिया दिल्ली प्रगति मैदान में फोटोग्राफर सोसायटी आफ झारखंड को फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया में शामिल किया गया। अब फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड पूरे भारत के फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन के सबसे बड़े संगठन पीडब्लुएआई में शामिल हो गया है, जिसमें फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से फोटोग्राफर सोसायटी ऑफ झारखंड को सम्मानित कर मोमेंटो दिया गया। मौके पर झारखंड से अध्यक्ष सुमंत शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी सूरज नमन, फाउंडर मेंबर रितेश वर्मा एवं फाउंडर मेंबर डी सोनू आचार्यी भी उपस्थित थे।

### रिफ्यूजी कॉलोनी में भाजपा नेता शिवशंकर सिंह ने चलाया स्वच्छता अभियान



**जमशेदपुर।** भाजपा नेता सह कोशिश एक मुस्कान लाने की संस्था के संरक्षक सामाजिक कार्यकर्ता शिव शंकर सिंह द्वारा जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में वृहद स्तर पर साफ-सफाई का कार्य अनवरत जारी है। जनसेवा के क्रम में शिव शंकर सिंह ने रिफ्यूजी कॉलोनी और उरांव बस्ती, पुराना सीतारामडेरा को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर फैले कूड़े के ढेर को जेसीबी से हटवाया और ब्लीचिंग पाउडर की छिड़काव की तथा लोगों से इस जगह को स्वच्छ रखने की अपील भी की। यहां नियमित सफाई न होने से लोग भारी गंदगी और बदबू से परेशान थे। मौके पर, बादल मिंज, सुनीता और कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### युवा बेरोजगार बायोडाटा संग्रह अभियान गोलमुरी में हुआ शुभारंभ




**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आजसू पार्टी द्वारा गोलमुरी बाजार में युवा बेरोजगार बायोडाटा का शुभारंभ हुआ, जिसमें आजसू पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अशोक मंडल और आजसू जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी अभियान का कमान सौंपा जो गोलमुरी बाजार होते गैरेज लाइन टेंपू स्टैंड में भ्रमण किया। मौके पर कई राहगीरों ने भी अपना नाम अंकित कराया और स्वतः हस्ताक्षर कर आजसू पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बायोडाटा संग्रह में अपनी सहभागिता निभायी। उक्त अवसर पर जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने बताया कि इस राज्य में इतने बेरोजगार है खासकर युवा वर्ग जो यह दर्शाता है कि वर्तमान की राज्य सरकार ने युवा को सबसे ज्यादा ठगा है। कार्यक्रम में अशोक मंडल, अप्पू तिवारी, संगीता कुमारी, विमल मौर्य, संतोष सिंह, सरस्वती देवी, सुधीर सिंह, मुकेश सिंह, पिंटू कुमार्ज मंजीत सिंह, शिवा कुमार, धर्मेंद्र जयसवाल भी थे।

### अर्पण ने दो परिवारों को दिया एक माह का राशन



**जमशेदपुर।** अर्पण परिवार पिछले चार वर्षों से दर्जनों अलग-अलग परिवारों को एक माह का राशन उपलब्ध कराता है। इस कड़ी में दो परिवार को राशन सामग्री उपलब्ध करायी। यह कदम समाज के उन हिस्सों की मदद करने के उद्देश्य से उठाया गया है जो वित्तीय संकट या अन्य कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। इसमें राशन सामग्री में अनाज, दाल, तेल, चीनी, साबुन और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल है। अर्पण का मानना है कि यह छोटी सी मदद भी उन परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। अर्पण ने समर्थ व्यक्तियों-संगठनों से समाजसेवा की अपील की।

## ब्यूरोक्रेसी और डायनेमिक वर्क इनवायरमेंट के बीच हो बैलेंस अप्रोच : डॉ जॉन मथाई

- एक्सएलआरआइ में दो दिवसीय एचआर कॉन्क्लेव का हुआ समापन, दिग्गज कंपनियों के प्रतिनिधि जुटे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एक्सएलआरआइ में एचआर फॉर द ग्रेटर गुड कॉन्क्लेव 2024 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कॉन्क्लेव में पब्लिक सेक्टर की प्रसिद्ध 14 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कॉर्पोरेट लीडर्स, एचआर प्रोफेशनल, इंडस्ट्री एक्सपर्ट और शिक्षाविद एक प्लेटफॉर्म पर जुटे, जहां मुख्य रूप से इस बात पर चर्चा हुई कि ऑर्गनाइजेशनल सस्टेनेबेलिटी, नैतिकता और कर्मचारियों के कल्याण में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



उद्घाटन सत्र में साउथ इस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड के डायरेक्टर बिरंची दास उपस्थित थे। उन्होंने एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक्स प्रो संजय पात्रो और एचआर कॉन्क्लेव के कन्वेनर जतिंदर कुमार झा के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने 834 लाभुकों के बीच बांटे पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को मानगो डिमना रोड राजस्थान भवन में जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र के मानगो में रहने वाले बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों को झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत 834 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया। अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जायेगा। मौके पर मंत्री ने कहा कि मैंने जमशेदपुर पश्चिम विस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पेंशन स्कीम से जोड़ने के लिए कैंप के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया था। आज इसी का परिणाम है के मुझे इन सभी को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट बाटंने का मौका मिला है। इस शुभ कार्य से मैं सचमुच बहुत खुश हूं। मैंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है इसी तरह से आगे भी क्षेत्र में कैंप लगाकर जरुरतमंदों का आवेदन को जमा करवा कर उन्हें इस योजना से जोड़ें। इस दौरान ईश्वर सिंह, अजय मिश्रा, संजय शर्मा, कंटू यादव, उमेश शर्मा, चमन सिंह, राकेश दास, सुबोध पाल भी थे।


सर्टिफिकेट देते मंत्री बन्ना गुप्ता।

## अवध उत्सव में रंगारंग कार्यक्रम पेश करने वाले छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल,एनएच-33 जमशेदपुर के संस्थापक स्व. अवध बिहारी सिंह की जयंती पर गत 27 अगस्त को अवध उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। अवध उत्सव के तहत दंत चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में पूरे उत्साह और उमंग में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की चेयरमैन श्रीमती मंगलावती देवी, श्रीमती सिंह के पुत्र एवं वाइस चेयरमैन गजेंद्र सिंह तथा निदेशक केएनपी सिंह स्वयं मौजूद रहे और तालियां बचा कर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की।


झारखंडी नृत्य प्रस्तुत करने के लिए छात्राओं को पुरस्कृत करती श्रीमती मंगलावती देवी। साथ में वाइस चेयरमैन गजेंद्र सिंह व अन्य।

## बाजार समिति शुल्क के विरोध में चैंबर से एक सितंबर को निकलेगा मशाल जुलूस

- चैम्बर के नेतृत्व में 4 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर व्यापारी करेंगे कृषि मंत्री से मुलाकात
- अगर यह काला कानून लागू हुआ तो हो सकता है आवक पूर्ण रूप से बंद एवं अनिश्चितकालीन बंद : मूनका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा झारखंड सरकार के द्वारा फिर से खाद्यान्न व्यवसायियों पर थोपे जाने वाले और जनता पर महंगाई को बोझ बढ़ाने वाला प्रस्तावित कृषि उपज एवं पशुधन संवर्द्धन विधेयक (बाजार समिति शुल्क) को लगाने के विरोध में कोल्हान के व्यवसायियों की एक बैठक 30 अगस्त को दोपहर में हुई। जिसमें इस काले विधेयक के विरोध में खड़े होने का आव्हान व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने किया। यह जानकारी एक संवाददाता सम्मेलन में अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी।




## बाहर निकल आयी थी बच्चे की आंत, डॉ अभिषेक चाइल्ड एंड मेटरनिटी हॉस्पिटल में मिला जीवनदान

- डॉ अभिषेक, डा सौम्य घोष की टीम ने किया सफल ऑपरेशन
- शौर्य संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा ने उठाया इलाज खर्च

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता व शौर्य संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा की पहल पर एक सात वर्ष बच्चे को नया जीवन दान मिला। बर्मामाइंस मुखी बस्ती के रहने वाला बालक साहित मुखी पहले से अपेंडिक्स की बीमारी से ग्रसित था जिसका आपरेशन अप्रैल माह में रांची के रिम्स हॉस्पिटल में किया गया था। डॉक्टर ने आपरेशन कर पेट की दाई ओर मल त्यागने केलिए एक छोटा छेद किया था। परंतु अचानक गत 21 अगस्त को खेलते हुए उस छेद से बच्चे की आंत बाहर निकल आयी और बच्चे की जान पर बन आयी।

युवा समाजसेवी सुभाष मुखी से जानकारी मिलने के उपरांत त्वरित संज्ञान लेते हुए अमरजीत सिंह राजा ने जिला उपायुक्त को इस स्थिति से अवगत कराया व जल्द आपरेशन करवाने का आग्रह किया। जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल ने तुरंत संज्ञान लेते हुए इसकी जिम्मेदारी सिविल सर्जन को दी, जिसने अपने स्तर से जमशेदपुर में इसका ऑपरेशन ना हो पाने की बात कही व रांची रिम्स में इलाज बताते हुए भेजने की सलाह दी।


बायें से डॉ अभिषेक कुमार, बच्चा सहिस मुखी, सर्जन डॉ सौम्य घोष, बच्चे की मां और शौर्य संस्था के अमरजीत सिंह राजा।

परन्तु बच्चे की स्थिति सीरियस थी व तुरंत ऑपरेशन की आवश्यकता बन आयी थी। परिवार के सदस्यों ने भी रिम्स ले जाने में असमर्थता जतायी।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा में शामिल कार्यकर्ताओं का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने किया स्वागत



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के बघमनवा पंचायत से अन्य दलों के 26 कार्यकर्ता भाजपा नेता शंकर केशरी के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा में शामिल हुए। आरसीआईटी के सभागार में आयोजित मिलन समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने सभी का पार्टी में स्वागत कर सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा के नीति सिद्धांतों से प्रभावित होकर प्रतिदिन काफी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। जिससे भाजपा संगठन दिनों दिन और मजबूत हो रहा है। श्री चंद्रवंशी ने सभी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने पर बधाई दी। भाजपा में शामिल होने वालों में प्रेम यादव, नरेश गुप्ता, उमेश केशरी, संतोष विश्वकर्मा, बबन बिंद, सुरेश बिंद, नंदू चौधरी, प्रेम यादव, जितेंद्र केशरी, सागर बिंद, जागा पासवान, बिगन चौधरी, सुदामा बिंद आदि लोगों का नाम शामिल है।

### तरहसी पुलिस ने मृतक मेहक कुमार सिंह हत्याकांड का किया खुलासा




**मेदिनीनगर।** तरहसी पुलिस ने बजलपुर पाठक पगार के समीप स्थित अमानत नदी किनारे से 27 अगस्त को एक मृत युवक का शव बरामद किया था। इस मामले में मृतक के भाई सिंधु सिंह ने तरहसी थाना में नीलम देवी पति विद्यापति सिंह ग्राम कोनवाई व अन्य के विरूद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में नीलम देवी को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया। नीलम ने मृतक के मामले की पूरी जानकारी दी। तरहसी थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक एवं नीलम के बीच प्रेम प्रसंग था। इसी क्रम में नीलम ने 27 को मेहक को अपने घर बुलायी थी तभी घर में सोया प्रेमिका के भाई विवेकानंद एवं विभीषण देख लिये। दोनों ने मिलकर मारपीट कर उसकी हत्या कर दी।

### अनुबंधकर्मियों की हड़ताल सातवें दिन जारी, अभिमन्यु सिंह ने दिया समर्थन



**विश्रामपुर (पलामू)।** झारखंड लोकल बॉडीज इंप्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर नप के अनुबंधकर्मियों की बेमियादी हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। अनुबंधकर्मियों को शुक्रवार को वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलु सिंह का समर्थन मिला। श्री सिंह खुद धरना पहुंच समर्थन की घोषणा की। श्री सिंह अपने समर्थकों के साथ खुद भी धरना पर बैठे। अनुबंधकर्मियों ने अपनी छह सूत्री मांग पत्र उन्हें सौंप सरकार पर दबाव बनाने की अपील की। अभिमन्यु ने आश्वस्त किया कि उनकी आवाज को हर स्तर पर बुलंद किया जायेगा। मौके पर फेडरेशन के विश्रामपुर इकाई अध्यक्ष रमेश कुमार, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, अंजू अभिमन्यु टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा, प्रभारी सलीमुदिन अंसारी, प्रवीन सिंह, उसमान अंसारी, फोडरेशन उपाध्यक्ष मुबारक अंसारी भी थे।

### एसपी ने नवप्रोन्नत पुनम कुजूर को कंधा बैच पहनाकर किया सम्मानित



**मेदिनीनगर।** पुलिस केंद्र सभागार में आमसभा हुई। जिसमें जिले के विभिन्न थानों, ओपी व पिकेट में व्याप्त समस्याओं को रख एसपी का ध्यानाकृष्ट कराया गया। जिसमें जेनरेटर की अनुपलब्धता, नया वाहन, नये जेनरेटर उपलब्ध कराने, अवकाश आवेदन को स्वीकृति देने, बेहतर आवासन के लिए बैरक निर्माण, पोटा हट का निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, बिजली, पंखा समेत अन्य समस्याओं को रखा गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने समस्याओं का त्वरित समाधान कर खराब पड़े जेनरेटर की मरम्मत कराने का आदेश दिया। श्रीमती रमेसन ने कहा कि अवकाश के लिए किसी तरह की परेशानी न हो इसे थाना प्रभारी सुलभ बनायें। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के पद पर नवप्रोन्नत पुनम कुजूर को कंधा बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। आमसभा में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, लेस्लीगंज एसडीपीओ मनोज कुमार झा, पांकी के प्रशिक्षु एसडीपीओ राजेश यादव, राजीव रंजन, शहर अंचल के पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, पाटन के अनिल सिंह, छतरपुर के द्वारिका राम, सदर अंचल के जीत राम महली, परिचारी प्रवर सुरेश कुमार ओझा, पांकी पुलिस निरीक्षक पुनम टोप्पो आदि शामिल थे।

### उत्पाद सिपाही बहाली में दर्जनाधिक अभ्यर्थी बेहोश, दो की मौत चार रेफर



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चियांकी हवाई अड्डा में उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ हो रही है। इसमें झारखंड के अलावे दूसरे प्रदेश से बेरोजगार युवक शामिल होने आये हैं। गुरूवार को बहाली के दौरान 50 से अधिक अभ्यर्थी बेहोश हो गये। जिनका समुचित ईलाज के लिए पलामू प्रमंडल के सबसे बड़े अस्पताल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर बेड की अनुपलब्धता के कारण अभ्यर्थियों को फर्श पर लिटाकर ही अमानवीय तरीके से उपचार किया गया। इस दौरान दो युवक की मौत हो जाने की सूचना है। जबकि चार से अधिक लोगों को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया। उत्पाद सिपाही बहाली में आये युवक अपने घर से अकेला ही आये हैं।

# गांव में हैं विकास की अपार संभावनाएं बस तरासने की जरूरत : अरुणा शंकर

- प्रथम महापौर ने खनवा का दौरा कर कई जगहों पर लगाया चौपाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खनवा गांव का दौरा कर कई जगहों पर चौपाल लगाया। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जा रही हूं गांव में मुझे काफी अपनापन और प्यार मिल रहा है।

शहर में मेरे द्वारा किए कार्यों की जब गांव के लोग तारीफ करते हैं तब मुझे लगता है कि मुझे मेरा मेहनताना मिल रहा है। मैं भी एक गांव की बेटी हूं और आज भी गांव मुझे अपनी ओर आकर्षित करता है। प्रथम महापौर ने कहा कि गांव में अभी काफी विकास की संभावनाएं हैं जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, पथ और ओपन जिम युक्त पार्क प्रमुख है।

प्रथम महापौर ने कहा कि आप सबों की ताकत से अगली सरकार भाजपा की बनेगी और उपरोक्त सुविधा एक मॉडल गांव का नक्शा बनाकर भाजपा सरकार गांव-गांव को सुविधायुक्त बनायेगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खंनवा गांव की मुखिया प्रभा देवी की तारीफ करते हुए कहा कि वह हमेशा अपने गांव को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करती है।

# स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की बहू होना हमारे लिए बेहद गर्व: प्रथम महापौर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ज्योति प्रकाश की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग।

**मेदिनीनगर।** ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं, प्रिंसिपल एवं कॉलेज की अध्यक्ष प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रीमती शंकर ने स्वर्गीय ज्योति प्रकाश की व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने उनकी याद में प्रार्थना सभा की।

मौके पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मुझे गर्व है। इस परिवार पर जहां को मैं बहू उस परिवार ने समाज को बहुत कुछ दिया है। स्थानीय अस्पताल का टीवी वार्ड, जनता शिवरात्रि कॉलेज, रोटरी स्कूल आनंद शंकर, सार्वजनिक दुर्गा मंडप एवं कई संस्थानें ऐसी है, जिसका निर्माण में सहभागिता हमारे परिवार की रही है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं अपने ससुर स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी की जीवनी से बहुत कुछ सिखाती हूं।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का जिले में शुभारंभ, उपायुक्त बोले

# सरल तरीके से अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना कार्यक्रम का उद्देश्य

- हुसैनाबाद के पंचायत पतरा खुर्द पहुंचे उपायुक्त
- लाभुकों के बीच किया परिसंपत्तियों का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उपायुक्त व अन्य लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले में शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड के पतराखुर्द पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, हुसैनाबाद के भूमिसुधार उप समाहर्ता, बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की। इसमें प्रखंड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का है। उन्होंने कहा इस अभियान के माध्यम से आपके अधिकारों को आपके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में रह रहे लोगों को कई बार सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं की जानकारी नहीं होती है इसलिए सरकार आपके द्वार तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः लोग अपने कार्य को लेकर प्रखंड कार्यालय या जिला पहुंचते है लेकिन आप लोगों को कहीं जाने की जरूरत नहीं, सभी पदाधिकारी पूरे कार्यालय के सेटअप के साथ आपके द्वार तक पहुंच रहे हैं।

# कुंदरी घटना को लेकर बिनोद सिन्हा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**मेदिनीनगर।** कुंदरी में 15 जुलाई 2024 को हुई सड़क दुर्घटना और उसके बाद उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता और 75-पांकी विधानसभा सीट के भावी प्रत्याशी बिनोद सिन्हा ने पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने इस घटना की उचित जांच और निर्दोष लोगों को राहत प्रदान करने की मांग की। कुशवाहा विनोद सिन्हा ने ज्ञापन में बताया कि इस घटना के दौरान मौजूद स्थानीय लोगों को गलतफहमी के कारण आरोपित कर दिया गया, जिससे उनके दैनिक जीवन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं।



**कार्यक्रम की खास बातें :** श्री सिन्हा ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया कि जांच में सभी संबंधित पहलुओं को ध्यान में रखा जाए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को गलतफहमी या परिस्थितियों के कारण सजा न मिले। उन्होंने यह भी मांग की कि इस मामले में जो निर्दोष लोग फंस गए हैं, उन्हें भी उचित राहत दी जाए। श्री सिन्हा ने इस मामले पर उम्मीद जताई कि जांच प्रक्रिया को जल्द ही निष्पक्षता से पूरा किया जाएगा, जिससे समाज में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हो सके। श्री सिन्हा द्वारा इस प्रकार का कदम उठाकर उन्होंने जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उनके इस कार्य से जनता के प्रति उनकी जागरूकता और संवेदनशीलता का स्पष्ट संदेश मिलता है। इस पहल से न केवल न्याय सुनिश्चित होगा, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास भी मजबूत होगा।

# घटना राज्य सरकार की घोर लापरवाही और प्रशासनिक असफलता का प्रतीक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



- उत्पाद सिपाही भर्ती में अभ्यर्थी की मौत की घटना पर कर्नल संजय सिंह की कड़ी प्रतिक्रिया
- स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर जतायी चिंता

**मेदिनीनगर।** चियांकी हवाई अड्डा मैदान में हाल ही में हुई उत्पाद सिपाही भर्ती की दौड़ के दौरान 60 से अधिक अभ्यर्थियों की हालत गंभीर हो गयी और एक अभ्यर्थी की दुखद मृत्यु हो गयी। राज्य के विभिन्न जिलों से इस तरह के अप्रिय घटना की खबर प्रतिदिन सुनने को मिल रही है। यह घटना राज्य सरकार की घोर लापरवाही और प्रशासनिक असफलता का प्रतीक है। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 15 महीने पहले अभ्यर्थियों ने फॉर्म भरा था और तैयारी शुरू कर दी थी लेकिन सरकार समय पर भर्ती नहीं शुरू किया अब अचानक आचार संहिता से पूर्व उन्हें उचित समय और तैयारी के बिना अचानक दौड़ के लिए बुला लिया गया। अगर अभ्यर्थियों को दो तीन महीने पहले सूचित किया गया होता, तो वे बेहतर तरीके से तैयारी कर सकते थे।

# तस्करी कर ले जा रहे 13 पशुओं को विश्रामपुर पुलिस ने किया जब्त

- चालक-उपचालक गिफ्तार कर भेजा जेल, टाटा 407 गाड़ी भी किया जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** गुप्त सूचना के आधार पर विश्रामपुर पुलिस ने अवैध रुप से 13 गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रही टाटा 407 ट्रक गाड़ी (जेएच 03टी 1739)को जप्त किया है। साथ हीं ट्रैक चालक इस्लाम अंसारी उपचालक मुर्शीद खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं पशुओं को स्थानीय लोगों के देखरेख में जिम्मेनामे पर दे दिया है। विश्रामपुर थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं को टाटा 407 ट्रक गाड़ी में भर कर ले जाने कि उन्हें गुप्त सूचना मिली। बताया गया कि गाड़ी गढ़वा की ओर से पड़वा जा रही है जिसके आलोक में पुलिस बल के साथ एनएच 39 पर ब्रहमोरिया मोड़ के पास वहां चेकिंग लगाया गया। इस दौरान एक टाटा 407 ट्रक से 13 गोवंशीय पशु बरामद हुआ जिन्हे अमानवीय तरीके से ट्रक मे लादा गया था। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित

### तीन सितंबर से होगी इंजियरिंग और पॉलिटेकनिक के नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय द्वारा संचालित इंजीनियरिंग एवं पॉलटेक्निक कॉलेज के नये शैक्षणिक सत्र (2024-25) की शुरुआत तीन सितंबर से होगी। इसकी जानकारी डीन फैकल्टी डॉ अभिनाश कुमार व इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दी। बताया कि सत्र के प्रारंभिक दिन लगभग चार सौ छात्र छात्रा शिक्षा ग्रहण करना शुरू कर देंगे। प्रथम दिन नये सत्र के छात्र छात्राओं का समारोह पूर्वक स्वागत अभिनंदन किया जायेगा। जिसमे सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गयी है। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सभागार में होगा। कार्यक्रम में कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### केल्हार पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम, लाभुकों के जमा किये गये आवेदन



**पाटन पलामू।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ आज पाटन प्रखंड के केलहार पंचायत में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पंचायत के उप मुखिया एवं पंचायत पंचायत समिति के द्वारा किया गया। शिविर में मुखिया एवं पंचायत सचिव के हड़ताल पर चले जाने के कारण खासा असर दिखाई पड़ा लेकिन पाटन बीडीओ अमित कुमार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सफल बनाने के लिए पुख्ता इंतजाम किया था। प्रखंड कर्मियों को विभाग वार दायित्व सौंपा था जिसके कारण शिविर सफल हुआ। शिविर में आये हुए सभी लाभुकों का फार्म लेकर आगे कारवाई के लिए प्रेषित किया गया। शिविर में में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। उपस्थित लोगों से विभिन्न विभागों के द्वारा समस्या का निदान करने के लिए प्रक्रिया में अग्रसारित किया गया। शिविर में मईयां सम्मान योजना एवं अबुआ आवास को लेकर बड़े पैमाने पर लाभुकों ने आवेदन जमा किया। शिविर के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गयी। मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी, समाजसेवी शक्तिशंकर गुप्ता व काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मनाया गया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** एके सिंह कॉलेज जपला में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल और संस्कृति विभाग के तत्वावधान में खेलकूद प्रतियोगिता की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन, कॉलेज के प्राचार्य प्रो डॉ सूर्यमणि सिंह व प्रो डॉ रामशुभग सिंह व अन्य वरिष्ठ अधयापकों ने फीता काट कर किया। संचालन एनएसएस प्रमुख, प्रो राजेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर प्राचार्य प्रो सूर्य मणि सिंह ने उपस्थित प्रतिभागियों को अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस खेलकूद प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारना है।

# शिविर में पहुंचे उपायुक्त शशि रंजन लाभुकों के बीच बांटी परिसंपत्तियां

- आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लुंबा सतबहिनी पंचायत सचिवालय में लगा शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के लुंबा सतबहिनी पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तहत शिविर का अयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन बीडीओ आशा साहु व स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये गये थे।

वहीं शिविर में पहुंचे उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने बारी बारी से शिविर में लगे स्टॉल का अवलोकन किया साथ ही लाभुको के बीच परिसंपतियो का वितरण किया। शिविर में प्रखंड स्तर के सभी विभागों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता

# ध्यानचंद के योगदान से विश्व में बढ़ा भारत का मान : प्राचार्य डॉ एके सिंह

- असफलता ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**





ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हर्ष-उल्लास के साथ 29 एवं 30 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मना। खेल दिवस पर कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता की गयी। यह प्रतियोगिता चारों सदन बायरन, कीट्स, इलियट तथा शेक्सपीयर के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गयी।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि मेजर ध्यानचंद ने खेल में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देकर विश्व में भारत का मान बढ़ाया था। विद्यार्थियों को भी अपने जीवन में खेल को महत्व देना चाहिए। जिससे मनुष्य का शारीरिक तथा मानसिक विकास हो सके।

उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल हमारे सर्वांगीण विकास के लिए बेहतरीन जरिया है। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य के लिए खेल बहुत आवश्यक है।

खेल से हमें साहस, प्रेरणा, अनुशासन और एकाग्रता मिलती है। नियमित खेलों से अनेक बीमारियां दूर होती है और मन प्रसन्न रहता है। खेलों के द्वारा हम अपना भविष्य निर्माण भी कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें निरंतर ऐसे ही आगे बढ़ने की शिक्षा दी तथा उनके प्रदर्शन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी।

# सभी जरूरतमंद लोग कार्यक्रम का लाभ उठायें : प्रखंड प्रमुख

- महुगावां व रबदा पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते अतिथि।

**चैनपुर पलामू।** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित जनहित मुद्दा को आसान करने के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अध्याय चैनपुर प्रखंड अंतर्गत महुगावां व रबदा पंचायत के पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया।

महुगावां पंचायत में उप प्रमुख सुनील सिंह व उपमुखिया अर्पणा कुमारी और रबदा पंचायत में प्रमुख गायत्री देवी व बीडीओ ने दीप जला कर प्रारंभ किया। जिसमें मुख्यमंत्री पशुपालन विभाग, अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना का स्टाल लगाये गये थे। जहां जनहित में आवेदन स्वीकार किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के सभी पंचायतवासी उपस्थित होकर अपना जरूरत के हिसाब से आवेदन करते नजर आये।

मुखिया संघ के हड़ताल का असर भी दिखा। आम जनता मुखिया को हस्ताक्षर कराने के लिए खोजते दिखे। मौके पर जरूरतमंदों के बीच परिसंपत्तियों व जल सहियाओं बीच पोशाक वितरण किया। प्रमुख ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ जरूरतमंद स्टॉल में आकर उठायें। समस्या संबंधित आवेदन दें उनके आवेदन पर विचार किया जायेगा। मौके पर कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**बरहेट।** प्रखंड क्षेत्र के बोड़बांध, बरहेठ बाजार, पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, सी ओ चोनाराम हेमर्ब्म, बीस सूत्री अध्यक्ष राजाराम मरांडी उपाध्यक्ष मुजिबुल रहमान दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान सी ओ चोना राम हेंब्रम ने कहां की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, सरकार इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों तक योजनाएं लेकर पहुंचती है। कहा योजनाओं का लाभ लेने के लिए शिविर में आवेदन दे। कार्यक्रम में आबुवा आवास योजना मनरेगा, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा विभिन्न विभाग की स्टाल लगाए गए थे। झामुमो मंडली संयोजक सुनीराम हसदा, सुनील सोरेन, समदा सोरेन, के अलावा अन्य मौजूद थे।

### अवैध देसी शराब भट्ठी से 150 लीटर शराब जब्त

बोकारो। उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह के मार्गदर्शन में जिला उत्पाद बल ने जिले के पेटरवार थाना अंतर्गत चांदो ग्राम में अवैध शराब निर्माण स्थानों पर छापामारी कर भारी मात्रा में महुआ जावा आदि जब्त किया। इस दौरान जावा महुआ-2400 किलोग्राम तथा अवैध चुलाई शराब-150 लीटर की बरामदगी हुई। छापामारी के क्रम में फरार अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# सरकार की अन्य महत्वकांक्षी योजना की तरह अब पुलिस आपके द्वार पहुंचेगी : अनिमेष नैथानी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज एक विशेष साक्षात्कार के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गोड्डा जे पी एन चौधरी ने बताया सरकार की जनता के लिये चलायी जा रहीं जन सुविधा के लिये कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और उन योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है। इसी श्रृंखला मे एक और योजना जुड़ रही है पुलिस आपके द्वार। नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी ने पद भार ग्रहण करते ही जनता के साथ जुड़कर उनकी आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए कुछ नए कार्यक्रम चलाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया है जिसके परिणाम बहुत जल्द मिलने प्रारम्भ हो जायेंगे। इन कार्यक्रमों मे पुलिस आपके द्वार योजना एक बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है जनता की शिकायत उनके द्वार पर जाकर पुलिस सुनेगी इसमें स्कूल, अस्पताल, पंचायत, आपसी ग्रामीण झगड़े, महिला उत्पीड़न, यौन शोषण, पारिवारिक कलह से परेशान महिलाएं, आदिवासी, पहाड़िया आदि



महिलाओं की शिकायतें उनके घर पर सुनकर ही कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार पुलिस क्षेत्र मे कुछ चिन्हित स्थानों पर पुलिस मैत्री जनसहयोग कार्यक्रम चलाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान करेगी अब पुलिस उनके द्वार जाकर उनकी शिकायतों पर विधि सम्मत कार्रवाई करेगी।

गोड्डा जिला के अंदर पिछड़े क्षेत्रों मे यथा सुन्दर पहाड़ी प्रखंड, बसंतराय, हनवारा, ठाकुर गंगटी, मेहरमा, पोडेया हाट, मोतिया टी ओ पी खासकर वैसे थाना क्षेत्र जो बिहार राज्य की सीमाओं से लगते हैं और अपराध यहाँ कर लेते हैं और अपराध कर्मी इन रास्तों से बिहार की सीमा मे प्रवेश कर जाते हैं उन थानो की चौकसी बढ़ाई जाएगी। विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर क्षेत्र की सीमाओं को सील किये जायेंगे ताकि नशे के कारोबारियों पर लगाम लगाया जा सके अपराध कर्मियों की सक्रियता पर ब्रेक लग सके। सीमा वर्ती राज्य के थानों से नियमित बैठक कर आपसी सहयोग के द्वारा अपराधियों की धर पकड़ की जाएगी। पुलिस जनता के साथ हर तरह से सहयोग करेंगी ताकि क्षेत्र मे शांति और कानून व्यवस्था कायम रहे और पुलिस प्रशासन पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

## चलती ट्रेन से गिरकर शिक्षक की मौत

### जेब से मिली बाइक की चाबी, वाहन का पता नहीं

- जामा के छातापहाड़ी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे।
- संजय हेम्ब्रम के दो बच्चे है।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के बारापलासी के निकट शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे चलती ट्रेन से गिर जाने के कारण 51 वर्षीय शिक्षक संजय हेम्ब्रम की मौत हो गई। पुलिस ने उनकी जेब से बाइक बरामद की है, लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका है। घरवालों ने अभी तक किसी तरह का संदेह व्यक्त नहीं किया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक जामा के दोदिंया गांव के रहने वाले थे और सदर प्रखंड के हिजला में घर जमाई थी। उनकी पत्नी जियामुनि कोर्ट में मोहर्रिर हैं।

जामा के दोदिंया निवासी भाई ज्योतिष हेम्ब्रम ने बताया कि भाई का कोई भाई नहीं है। इसलिए शादी के बाद से भाई घर जमाई बनकर रह रहे थे। वे जामा के छातापहाड़ी प्राथमिक विद्यालय में



शिक्षक थे। रोज की तरह सुबह बाइक से स्कूल जाने के लिए निकले। शाम को जामा थाना की पुलिस ने सूचित किया कि ट्रेन से गिर जाने के कारण उनकी मौत हो गई है। बताया कि पुलिस ने उनके मोबाइल नंबर से उनका नंबर पता कर खबर दी। जाकर देखा तो चेहरे से खून बह रहा था और हाथ में हल्की खरोंच थी। बताया कि भाई की जेब से उनकी बाइक की चाबी मिली है, लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला है। उसने किसी तरह की शंका से भी इंकार किया है। भाई के दो बच्चे हैं।

## 30 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी 'आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार'

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तालझारी।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार का तीसरा चरण का शुक्रवार से शुभारंभ किया गया। तालझारी प्रखंड के तालझारी पंचायत से इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसओ झुनु कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख वेरोनिका मुर्मू, प्रखंड नाजिर राकेश सिंह, प्रखंड प्रधान लेखापाल अशोक दास ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया।आपकी योजना आपकी सरकार 15 सितम्बर तक प्रखंड के सभी 13 पंचायत क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे। इस श्रेणी के तहत लोगों की शिकायतें शिविर में ही दर्ज की जायेगी और यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ऐसी शिकायतों का समाधान उसी दिन किया जाएगा। यदि किसी कारण उस दिन इस श्रेणी की शिकायतों का समाधान नहीं हो पाता है तो आवेदन को लंबित माना जायेगा तथा शिविर आयोजन की तिथि से अधिकतम 7 दिनों के अंदर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिसमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, स्वास्थ्य योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र आदि का फार्म कैंप में लाभुकों ने जमा किया।




### लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। डीएसओ झुनु कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रमुख वेरोनिका मुर्मू, प्रखंड नाजिर राकेश सिंह, प्रखंड प्रधान लेखापाल अशोक दास के द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र, सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आदि का वितरण किया गया।

### कंटेनर ने बाईक सवार को रौंदा, शिनाख्त नहीं

दुमका। जिले के दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के इंदरबनी पेट्रोल पंप के पास सड़क दुघर्टना में पति-पत्नी दंपति की दर्दनाक मौत हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पत्ताबाड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कंटेनर ने दोनों महिला पुरुष को रोंदते हुए मसानजोड़ की ओर भागने में सफल रहा। सूचना पर मसानजोड़ थाना पुलिस ने कंटेनर को जप्त कर ली है। मृतक दंपति की अब तक शिनाख्त नहीं हो पायी है।

### डीसी की अध्यक्षता में प्रोडेक्ट कायाकल्प की समीक्षात्मक बैठक हुई

**साहिबगंज।** कार्यालय प्रकोष्ठ में आज उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में प्रोडेक्ट कायाकल्प की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान डॉक्टरों की रोस्टर ड्यूटी, डॉक्टर्स और स्टाफ की कमी जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। उपायुक्त हेमंत सती ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने जिले में 2 सर्जन, 2 एनेस्थीसिया डॉक्टरों सहित अन्य आवश्यक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए मानव संसाधन की कमी को जल्द से जल्द दूर करना जरूरी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि डॉक्टरों और स्टाफ की रोस्टर ड्यूटी को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने विचार साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर सुझाव दिए। उपायुक्त हेमंत सती ने अंत में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नियुक्ति प्रक्रिया को तेज किया जाए और जल्द से जल्द आवश्यक कर्मियों की नियुक्ति की जाए, ताकि जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा सेवाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित हो सके।


**AFFIDAVIT**

I, BIGNA GANJHU, S/O LATE UTMA GANJHU, R/O Dhamdhammiya, P.O Nawadih, P.S.- Meccluskinganj, Dist- Ranchi, State- Jharkhand, Pin- 829208 do here by solemnly affirm and declare as follows:- .
That I am employee in Central Coalfields Limited Purnadih Project NK Area Dakra PIS No.- 14327753 Grade Cable Man
2. That my wife real and actual name is JHANJHWA GANJHU and her Date of Birth is 01-01-1966 which is recorded in her Pan vide No:- CZNPD2404B and Aadhar card vide No.-7046 3804 1028
3. That the D.O.B./age of my wife (JHANJHWA GANJHU) recorded in my service Sheet is in years only i.e. 20 Yrs.' as on 03-05-1986 but her actual date of birth is 01-01-1966 which is mentioned in her Aadhar card,Pan Card and other official documents.

**AFFIDAVIT**

I, Arun Kumar Singh S/o Rajendra Singh, R/o Flat No. 402, 4th Floor, Omkara Hills Apartment, Gas Godown Road, Amethia Nagar, Mahuwa Toli, P.O.-Namkum, P.S.-Namkum, Ranchi (Jharkhand) have changed my son's name from Anmol Arun to **Anmol Arun Singh** as per **affidavit no. 96, dated-21 June 2024.**


## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 90 विद्यालयों में वित्तीय साक्षरता व समावेशन का जागरूकता कार्यक्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** भारतीय रिजर्व बैंक देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ साथ वित्तीय शिक्षण वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। आरबीआई रांची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष भर के लिए कई नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की परिकल्पना की है। इसके अंतर्गत रांची कार्यालय ने राज्य के 90 विद्यालयों में वित्तीय शिक्षण व समावेशन संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने का निश्चय किया है जिसमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल भी शामिल रहेंगे। इस अभियान का शुभारंभ पिछले दिनों जमशेदपुर स्थित टाटा वर्कर्स यूनियन उच्च विद्यालय से हुआ। इसी क्रम में बोकारो स्थित चिन्मया विद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रेम रंजन प्रसाद सिंह क्षेत्रीय निदेशक आरबीआई रांची ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और छात्रों में वित्तीय साक्षरता के प्रसार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान परिदृश्य में डिजिटल बैंकिंग में सतर्कता और वित्तीय जन जागरूकता के महत्व पर छात्रों को जागरूक किया। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के दौरान छात्रों के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए गए। वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के साथ ही रिजर्व बैंक रांची द्वारा आरबीआई के विशेष अभियान हरा भरा सुंदर संसार के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया।

## वार्ड संख्या 01 में 'आपकी योजना आपकी सरकार' शिविर का आयोजन



**बेरमो/करगली।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम एक बार फिर शुक्रवार से शुरू हो गया है। फुसरो नगर परिषद के वार्ड संख्या 01 के रामाधार सिंह पब्लिक स्कूल, बेरमो सिम, नियर दुर्गा मंदिर में नोडल पदाधिकारी कुमार निशांत के देख रेख में प्रारंभ हुआ। यहां वार्ड के सैकड़ों महिला-पुरुष सुबह से ही पहुंचकर योजनाओं की जानकारी व लाभ लिया। शिविर में नगर परिषद, बेरमो प्रखंड व अंचल कार्यालय की ओर से संयुक्त रूप से शिविर लगाया गया। इसमें सीडीपीओ के तहत सावित्री बाई, फूलों योजना का 02, मातृ वंदना योजना का 07, अंचल कार्यालय के तहत वृद्धा पेंशन का 03, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना का 34, नगर परिषद फुसरो के तहत वाटर कनेक्शन का 28 तथा होल्डिंग टैक्स का 13 आवेदन प्राप्त हुआ। नोडल पदाधिकारी कुमार निशांत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। शिविर में लोगों के द्वारा जो भी आवेदन प्राप्त हो रहा है उसे शीघ्र ही निष्पादन किया जाएगा और योजना का लाभ दिया जाएगा।

मौके पर कनीय अभियंता कुमार आनंद, अभिषेक कुमार वर्मा, मनोज कुमार तथा गाजी मो हसन, जलकर संग्रहकर्ता शंकर कुमार तथा देवीजीत कुमार, सीएलटीसी मनीषा कुजुर, सीआरपी रेखा देवी व चिंता देवी आदि शिविर के सफलता में अपना योगदान दिए।

### कीटनाशक दवा खाकर महिला ने की आत्महत्या

**गोपीकांदर।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के खेड़ीबाड़ी पहाड़िया टोला में 30 वर्षीय बुधनी रानी ने पारिवारिक कलह में कीटनाशक दवा खाकर आत्मा हत्या कर ली। मृतिका के पति सपन कुंवर ने बताया कि उसकी पत्नी शराब पीती थी। पत्नी के शराब पीने के कारण गुरुवार को दोनों में कहासुनी हो गई। गुरुवार शाम को वह दोनों आमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के सिंदरीबेड़ा रिश्तेदार घर जाने वाला था, लेकिन शराब पीने के कारण दोनों नहीं गए और शुक्रवार की सुबह जाने का की बात कही। पत्नी शुक्रवार सुबह उठी लेकिन किसी से बात नहीं की ओर गांव के तरफ से घूम कर घर आई तो नशे की हालत में थी। वह सो गई। उन्होंने बताया कि थोड़ी देर बाद वह काफी बैचेन लग रही थी। पति को किसी अनहोनी का अंदेशा होने पर पत्नी से पूछताछ करने लगा लेकिन वह कुछ नहीं बतायी। पत्नी को उल्टी कराया गया तो कुछ दवा निकला, जब तक उसे अस्पताल लेकर जाता पत्नी की मौत हो गई।


**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं.. 06546–298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

**ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। चतुर्थ त्रैमासिक निविदा (दिनांक–01.10.2024 से 31.12.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–17.09.2024 से 24.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमाकरने की तिथि। | तिथि–25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹ 2500/–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तिथि–25.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि–27.09.2024 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि मे Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग

PR 334255 Prison(24-25)#D


## तम्बाकू मानव शरीर में 4000 से अधिक बिमारियां पैदा कर सकता है

# शिक्षक व बच्चों की जवाबदेही है, स्कूल को तम्बाकू मुक्त रखें




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** शुक्रवार को कोलम्बस पब्लिक स्कूल कुसमा चास एवं अजनता प्लस 2 उच्च विद्यालय पुनडरू बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य जाकिर हुसैन के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के द्वारा सभी बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व, तम्बाकू प्रयोग से स्वास्थ्य पर दीर्घ अवधी परिणाम, उवाम व उससे होने वाले नुकसान, तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र व तम्बाकू छोडने के उपाय, तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कैसे किया जाये और इसमें बच्चों की क्या जवाबदेही है इसके बारे में बताया विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि भारत सरकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई गाईडलाईन के अनुसार सभी स्कूल में टाफी गाईडलाईन का अनुपालन करना होगा।

स्कूल प्राचार्य द्वारा बच्चों को बताया गया कि तम्बाकू कई प्रकार के है जो मार्केट के अन्दर मिलते है किसी भी प्रकार के तम्बाकू का उपयोग स्वास्थ्य के लिये खतरा है चाहे आप चबा कर, पी कर या मंजन के शकल में लें सभी मानव शरीर को नुकसान पहुचाता है। ऐसे मे हम सभी आज दृढ संकल्प लें कि आज से तम्बाकू न हम प्रयोग में लायेंगे और न ही हम अपने घरो में इसका उपयोग करने देगे। तभी यह कार्यक्रम सफल हो पायेगा और हम सबसे पहले अपने विद्यालय और फिर अपने देश को तम्बाकू मुक्त कर पायेगे। कार्यक्रम में दोनो स्कूल के प्राचार्य जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

### टाफी गाईडलाईन क्या कहता है?

- विद्यालय के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का बोर्ड/दिवाल लेखन होना चाहिए।
- विद्यालय के अन्दर यह परिसर/भवन तम्बाकू मुक्त है इसका बोर्ड/दिवाल लेखन होना चाहिए।
- परिसर के अन्दर तम्बाकू, तम्बाकू उत्पाद के उपयोग का कोई सबूत नही है, अर्थात सिगरेट/बीड़ी बटस या छोडे गए गुटका/तम्बाकू के पाउच/थूकने के धब्बे नही होना चाहिए।
- परिसर में तबाकू के दुष्परिणाम को दशार्ती पोस्टर एवं अन्य जागरूकता सामग्री का प्रर्दशन किया गया हो।
- पिछले 6 महीनों के दौरान कम से कम एक बार तम्बाकू नियंत्रण पर कोई गतिविधि का आयोजन करना।
- तम्बाकू मॉनिटर का नाम/पदनाम और सम्पर्क नम्बर का उल्लेख साइनेज पर किया गया हो।
- शिक्षण संस्थान के आचार संहिता के कोड में 'तम्बाकू का उपयोग नही' किए जाने संबंधित मानदंड का समावेश।
- शिक्षण संस्थान की चाहरदीवारी से 100 गज क्षेत्र के दायरे में पीली रेखा द्वारा 'तम्बाकू मुक्त क्षेत्र' अंकित किया गया हो।
- शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचने वाली दुकाने न हों।


**कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार।**
**आम सूचना**

उपायुक्त, लातेहार के ज्ञापांक 361/गो0, दिनांक 24.08.2024 द्वारा नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डो में सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजनों को उपलब्ध कराने के निमित शिविर लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| तिथि | वार्ड सं0 | वार्ड का नाम | कार्यक्रम के स्थान का विवरण | कार्यक्रम का समय |
|---|---|---|---|---|
| 31.08.2024 | 01 | करकट | मध्य विधालय करकट, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 02 | बानपुर | | |
| 04.09.2024 | 04 | डुरूआ | सोमेश्वर विवाह मंडप डुरूआ गुरूवार बाजार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 05 | डुरूआ | | |
| | 06 | डुरूआ | | |
| 07.09.2024 | 03 | राजहार | मध्य विधालय आश्रम, लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 07 | लातेहार (बहेरार्टांड–चटनाही) | | |
| 09.09.2024 | 08 | लातेहार | सामुदायिक भवन अम्बाकोठी लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 09 | लातेहार | | |
| | 10 | अम्बाकोठी–गिजनियॉटांड | | |
| 12.09.2024 | 11 | तापाखास | सब्जी मार्केट भवन बाईपास रोड लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 15 | धर्मपुर | | |
| 14.09.2024 | 12 | अम्बाटीकर | मध्य विधालय अम्बाटीकर लातेहार | पूर्वाहन् 11:00 बजे से |
| | 13 | अम्बाटीकर | | |
| | 14 | चन्दनडीह | | |

अतः आमजनों से अनुरोध है कि नगर निकाय क्षेत्र अंतर्गत उपरोक्त तिथि को विभिन्न वार्डो में आयोजित शिविर "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" कार्यक्रम में अधिक संख्या में संबंधित स्थल पर उपस्थित होकर झारखण्ड सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाये।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 334217 Urban Development(24-25)D

# भ्रामक ब्यानबाजी?

एक नयी-नयी नेता बनी अभिनेत्री को किसान-आंदोलन के संदर्भ में यह कहते सुना गया कि हमारे देश में भी बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था। उसी सांस में उस नेता-अभिनेता ने यह भी कह दिया कि साल भर से अधिक समय तक चलने वाले उस आंदोलन में लाशें लटकी हुई थीं और बलात्कार हो रहे थे। यह सही है कि उस आंदोलन के दौरान अनेक किसानों की मृत्यु हुई थी, पर उसे लाशें लटकना कहना क्या माने रखता है? यह नेता-अभिनेता भाजपा की सांसद हैं, और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस नुकसान को समझ रहा था। उसने तत्काल इस नए नेता को चुप रहने का आदेश दिया। स्पष्ट कह दिया गया कि यह नयी बनी नेता अपने मन की बात कह रही थी, और पार्टी की ओर से नीति-विषयक बयान देने का उसे कोई अधिकार नहीं है। निकट भविष्य में ही हरियाणा में होने वाले चुनाव को देखते हुए भाजपा की यह सफाई जरूरी थी। इस स्पष्टीकरण से नुकसान की कितनी भरपाई हुई है यह तो आने वाला कल ही बतायेगा, पर यह सारा प्रसंग इस बात का एक और उदाहरण है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व सुर्खियां बटोरने और राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, कभी भी, कुछ भी कह सकता है!

ऐसे अवसर पर बड़ी आसानी से राजनीतिक नेतृत्व यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि यह कथित नेता का निजी बयान है। सवाल उठता है, इस तरह की निजी राय रखने वाले व्यक्ति को राजनीतिक पार्टियां तरजीह ही क्यों देती हैं? किसी भी राजनीतिक दल का सदस्य होने का सबसे महत्वपूर्ण मतलब यह होता है कि व्यक्ति पार्टी की रीति-नीति में विश्वास रखता है। उसका आचरण इसी विश्वास के अनुरूप होना चाहिए। लेकिन देश के सभी दलों में इस प्रकार के बड़बोले,कम जानकार, असंसदीय ब्यान देने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है।

# कर्मयोगी की प्रेरणा

देश में जन्माष्टमी पर होने वाले तमाम छोटे-बड़े आयोजनों से लाखों लोगों का जुड़ना जननायक की जन-स्वीकार्यता को ही दशार्ता है। स्कूल-कालेजों में छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्वक कृष्ण-राधा का स्वरूप धारण करना नयी पीढ़ी में उनकी गहरे अनुराग को ही बताता है। साल भर देश में कहीं न कहीं कृष्ण लीलाओं का मंचन होता रहता है। निस्संदेह हाल के दिनों में कोरोना की काली छाया ने ऐसे आयोजनों को बाधित किया है, लेकिन इससे लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है। सही मायनो में दैनिक जीवन में भी श्रीकृष्ण जीवन का गहरा संदेश देते हैं। ह्ययोग कर्मसु कौशलम के उद्घोष के जरिये वे योग की सरल व्याख्या करते हैं। यानी कार्यों को कुशलता से करना ही योग है। महाभारत में वे बताते हैं कि कर्म-संन्यासी से कर्मयोगी श्रेष्ठ है। वे अर्जुन से कहते हैं कि तपस्वी से योगी बड़ा है, ज्ञानी से भी योगी बड़ा है, इसलिए योगी बनो। श्रीकृष्ण व्यक्ति को निष्काम कर्मयोगी होने का संदेश देते हैं। तत्काल फल की इच्छा के बिना निरंतर लक्ष्य के लिये प्रयासरत रहने का उपदेश देते हैं। वे आपातकाल में मयार्दा को भी परिभाषित करते हैं। सही मायनो में कृष्ण लीलाओं में व्यावहारिक जीवन के गहरे निहितार्थ निहित हैं। उनकी लीलाएं जीवन की एकरसता को खत्म करके नयी ऊर्जा व उमंग का संचार करती हैं। महाराष्ट्र समेत देश के विभिन्न भागों में मटकी फोड़ने की परंपरा आस्था, उल्लास, शरीर सौष्ठव और सामूहिकता में समाहित जीवन की झांकी दिखाती है। पूरे देश में इस उल्लास के बीच राजनीति के साथ अब पर्वो का उल्लास आरंभ हुआ है। देश में इस पर्व की प्रेरणा समाज के सभी वर्ग लें विशेषकर महिलाओं के सम्मान और उनकी सुरक्षा के सवाल पर समाज सजग,सरल, समझदार, सहयोगी और साहचर्य से भरा हो यह प्रेरणा चारो दिशा में तरंगित हो।


# विहिप के 60 वर्ष... उपलब्धियां और चुनौतियां

**देश** की राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात कथित सेक्युलरवाद के नाम पर हिन्दू समाज पर बढ़ते अन्याय तथा ईसाईयों व मुसलमानों के तुष्टिकरण के बीच 1957 में नियोगी कमीशन की रिपोर्ट आई थी। इसमें ईसाई मिशनरियों द्वारा छल, कपट, लोभ, लालच व धोखे से पूरे देश में हिन्दुओं के धर्मांतरण की सच्चाई सामने आने के बावजूद, तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा धर्मांतरण के विरुद्ध केंद्रीय कानून बनाने से स्पष्ट मना कर दिया गया। उधर विदेशों में रहने वाला हिन्दू समाज भी अपनी विविध समस्याओं के समाधान हेतु भारत की ओर ताक तो रहा था किन्तु, उसके प्रति भी केंद्र सरकार के उदासीन रवैए ने निराश ही किया। ऐसे में हिन्दू समाज को संगठित कर धर्म रक्षा करने तथा हिन्दू धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन मूल्यों की रक्षा हेतु, साठ वर्ष पूर्व, जन्माष्टमी (अंग्रेजी दिनांक अनुसार 29 अगस्त 1964) को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की स्थापना हुई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक और हिन्दुस्थान समाचार के संस्थापक श्री दादासाहेब आप्टे जी के साथ, श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर, पवई, मुम्बई स्थित पूज्य स्वामी चिनमयानन्द जी के आश्रम सांदीपनि साधनालय में पूज्य स्वामी चिनमयानन्द, राष्ट्रसंत तुकडो जी महाराज, सिख सम्प्रदाय से माननीय मास्टर तारा सिंह, जैन सम्प्रदाय से पूज्य सुशील मुनि, गीता प्रेस गोरखपुर से हनुमान प्रसाद पोद्दार, केएम मुंशी तथा पूज्य श्री गुरुजी सहित 40-45 अन्य महानुभाव भी उपस्थित थे। इसी बैठक में (1) हिन्दू समाज को संगठित और जागृत करने, (2) उसके स्वत्वों, मानबिन्दुओं तथा जीवन मूल्यों की रक्षा और संवर्धन करने तथा (3) विदेशस्थ हिन्दुओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें सुदृढ़ बनाने व उनकी सहायता करने सम्बन्धी विश्व हिंदू परिषद के तीन मुख्य उद्देश्य तय किए गए।

हिन्दू की परिभाषा करते हुए कहा गया कि ह्लजो व्यक्ति भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखता है या जो व्यक्ति स्वयं को हिन्दू कहता है वह हिन्दू हैह्व। 22 से 24 जनवरी 1966 को कुम्भ के अवसर पर 12 देशों के 25 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन प्रयाग में सम्पन्न हुआ। इसमें 300 प्रमुख संतों के साथ पहली बार प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और धर्मांतरण पर रोक व परावर्तन





- विनोद बंसल

> हिन्दू की परिभाषा करते हुए कहा गया कि ह्लजो व्यक्ति भारत में विकसित हुए जीवन मूल्यों में आस्था रखता है या जो व्यक्ति स्वयं को हिन्दू कहता है वह हिन्दू हैह्व। 22 से 24 जनवरी 1966 को कुम्भ के अवसर पर 12 देशों के 25 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ प्रथम विश्व हिंदू सम्मेलन प्रयाग में सम्पन्न हुआ। इसमें 300 प्रमुख संतों के साथ पहली बार प्रमुख शंकराचार्य भी एक साथ आए और धर्मांतरण पर रोक व परावर्तन (घरवापसी) का संकल्प लिया गया।

(घरवापसी) का संकल्प लिया गया। मैसूर के महाराज मा. चामराज जी वाडियार को प्रथम अध्यक्ष व दादासाहब आप्टे को पहले महामंत्री के रूप में घोषित कर विहिप की प्रबंध समिति की घोषणा भी हुई। इस सम्मेलन में जहां परावर्तन को मान्यता देने का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित हुआ वहीं विहिप के बोध वाक्य ह्लधर्मो रक्षति रक्षितःह्व और बोध चिह्न ह्लअक्षय वटवृक्षह्व भी तय हुआ।

बाबा साहिब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मत था कि यदि देश के संत महात्मा मिलकर यह घोषित कर दें कि हिन्दू धर्म-शास्त्रों में छुआछूत का कोई स्थान नहीं है तो इस अभिशाप को समाप्त किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए 13-14 दिसम्बर 1969 के उडुपी धर्म संसद में संघ के तत्कालीन सर संघचालक श्री गुरुजी के विशेष प्रयासों के परिणाम स्वरूप, भारत के प्रमुख संतों ने एकस्वर से ह्लहिन्दवः सोदरा सर्वे, ना हिन्दू पतितो भवेत्ह्व के उद्घोष के साथ सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित किया।

1994 में काशी में हुई धर्म संसद का निमंत्रण डोम राजा को देने पूज्य संत ना सिर्फ स्वयं चलकर गए बल्कि उनके घर का प्रसाद ग्रहण किया तथा अगले दिन डोम राजा धर्म संसद के अधिवेशन में संतों के मध्य बैठे और संतों ने उन्हें पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया। इस धर्म संसद में 3500 संत उपस्थित थे। वनवासी, जनजाति, अति पिछड़ी व पिछड़ी जाति के हजारों लोगों को ग्राम पुजारी के रूप में प्रशिक्षण देकर उनका समय समय पर अभिनन्दन व मंदिरों में पुरोहित के रूप में नियुक्ति, विहिप के ग्राम पुजारी प्रशिक्षण अभियान के कारण ही संभव हुई।

नौ नवम्बर, 1989 में श्रीराम जन्मभूमि का शिलान्यास एक अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता कामेश्वर चौपाल द्वारा कराए जाने के अतिरिक्त, देश भर में आयोजित समरसता यज्ञ, समरसता यात्राएं, समरसता गोष्ठियां, हिन्दू परिवार मित्र योजना, अनुसूचित जाति व जन जातियों के लिए छात्रावास इत्यादि अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों के माध्यम से हिन्दू समाज के बीच व्याप्त छूआछूत के अभिशाप से मुक्ति हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं। सन 2003 से लगातार देशभर में भगवान वाल्मीकि, संत रविदास तथा संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आम्बेडकर इत्यादि महापुरुषों, जिन्होंने देश की समरसता में योगदान दिया, की जयन्तियां व्यापक रूप से मनाई जा रही हैं। इन सब कार्यक्रमों के परिणाम स्वरूप अब संत समाज सहज रूप से वंचित बस्तियों में प्रवास, प्रवचन व सह-भोज सहजता से करते हैं।

द्वितीय विश्व हिंदू सम्मेलन भी प्रयाग की पावन धरा पर 27 से 29 जनवरी 1979 को 18 देशों के 60 हजार प्रतिनिधियों की सहभागिता से सम्पन्न हुआ। इसका उदघाटन पूज्य दलाई लामा जी ने किया। तथा उनका स्वागत ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य जी ने किया। यह भी एक ऐतिहासिक प्रसंग था देश के वनवासी, गिरिवासी व नगरवासियों के कुम्भ के रूप में असम के जोरहाट में 27 से 29 मार्च 1970 में देश की सभी प्रमुख तीर्थों व 45 नदियों के जल से एकात्म हुए इस सम्मेलन में अनेक पूज्य संत-महात्माओं व पूर्वोत्तर के विचारकों के साथ नागारानी गाइडिन्ल्यु ने यह घोषणा की कि प्रकृति पूजक वनवासी समाज जिसे ईसाई मिशनरियां अपने चंगुल में फंसा रही हैं, हिन्दू समाज का ही अभिन्न अंग है।

1982 में श्री अशोक सिंघल विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी बने। व्यापक जन जागरण के कार्यक्रम होने लगे। 1983 में हुई एकात्मता यात्रा में तो देश के 6 करोड़ लोगों ने सहभाग किया। अप्रैल 1984 में नई दिल्ली में प्रथम धर्म संसद का अधिवेशन संपन्न हुआ। विश्व हिंदू परिषद द्वारा समाज के सहयोग से देश भर में 45 सौ से अधिक सेवा प्रकल्प भी चलाए जा रहे हैं। इनमें 31 प्रांतों के 93 हजार स्थानों पर 840 संस्कार शालाओं में 17 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। इनके

## खास बात

# संस्कृत के समीप है रोम भाषा

**जीवीएस शास्त्री**

**भारतीय** और रोमा समुदाय एक-दूसरे से सांस्कृतिक, आनुवंशिक, भाषायी, शारीरिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक रूप से काफी करीब हैं। दरअसल, ये लोग मूलतः भारतीय ही हैं। इनके वंशजों को सन् 1018 में महमूद गजनवी अपने साथ अफगानिस्तान ले गया था। कालक्रम में इनकी संस्कृति का नाम रोमा हो गया। आज पूरी दुनिया में रोमाओं की संख्या लगभग सवा दो करोड़ है। गत अंक में आपने रोमाओं के पूर्वजों के बारे में पढ़ा। रोमा भाषा का उद्गम इंडो-यूरोपीय परिवार की इंडो-आर्यन शाखा से हुआ है। इसका संस्कृत, प्राकृत और अन्य भारतीय भाषाओं के साथ अटूट संबंध है। उत्तर भारत की भाषाओं से रोमा का संबंध इतना विशिष्ट है कि भाषाई प्रशिक्षण के बिना भी साधारण व्यक्ति रोमा और भारतीय भाषाओं के शब्दों के बीच समानता की पहचान कर सकते हैं। रोमा और भारतीय भाषाओं के बीच संबंधों की जांच करते समय प्रो. जोहान क्रिश्चियन क्रिस्टोफ रूडिगर ने रोमा भाषा के व्याकरण और शब्दावली के तुलनात्मक विश्लेषण के महत्वपूर्ण संदर्भों को ध्यान में रखा था। उन्होंने 1782 में पूर्वी भारत की भाषाओं से रोमा की उत्पत्ति को सत्यापित किया। उन्होंने भारतीय भाषाओं से संपर्क के परिणामस्वरूप रोमा भाषा की वाक्य रचना में परिवर्तन की ओर भी संकेत किया है।

उनके निष्कर्ष के अनुसार रोमा और भारतीय भाषाएं समान हैं तथा रोमा और भारतीय किसी भी तरह एक-दूसरे से भिन्न नहीं हैं।अलेक्जेंड्रे जी पसापति ने 1870 में फ्रांसीसी भाषा में ग्रंथ प्रकाशित किया था, जो रोमा वंशजों की अटकलों को दूर करता है। यह अध्ययन इस बात की पुष्टि करता है कि रोमा भाषा इंडो-आर्यन भाषा परिवार की ही सदस्य है और मूल रूप से संस्कृत के साथ जुड़ी है। अगस्त पोट्ट (1844-45) ने अपने तुलनात्मक व्याकरण और रोमा के व्युत्पत्ति कोश को संकलित किया। उन्होंने कई दर्जन वर्णनात्मक स्रोतों की बाबत बताया, जो यूरोपीय रोमा बोलियों की विविधता को दशार्ते हैं।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**प्रो भगवती प्रकाश**

**प्राचीन** ईरान के पारसी मत के धर्म ग्रंथ अवेस्ता में वैदिक देवताओं पर विमर्श के अतिरिक्त सूर्य के मित्र या मिथ्र नाम से प्रचलित प्राचीन मन्दिरों के प्रचुर अवशेष हैं। यूरोप के समस्त पुरातात्विक उत्खनन एवं संग्रहालयों में भी मित्र य मिथ्र के प्राचीन पुरावशेषों की प्रचुरता है। आज भी यूरोप में 400 से अधिक मिथ्री मन्दिरों के खण्डहर विद्यमान हैं। मूर्त्तिपूजक पगान सम्प्रदायों में ईसापूर्व कालीन सूर्य सहित कई द्यु-स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय व पृथ्वी स्थानीय वैदिक देवताओं का चलन रहा है। ओडिशा में 5,000 वर्ष पूर्व कोणार्क व पाकिस्तान के मुल्तान में श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब द्वारा बनाए सूर्य मन्दिरों से लेकर ईरान, आर्मेनिया, अजरबैजान व यूरोप तक सूर्य की मित्र, मिथ्र, मिथ्रास और मिहिर आदि अनेक वैदिक व पौराणिक नामों से पूजा होती रही है। ईसा पूर्व 14वीं सदी के शिलालेखों में सूर्य, इन्द्र, अग्नि, अश्विनी कुमार आदि के आह्वान हैं। अफगान-ईरानी कैलेण्डर में आज भी मिहिर व मिहर आदि नामों से सूर्य का महीना है। आर्मेनिया में प्रतिमाह आठवां दिन सूर्य का है, जो ह्यमिथ्रिह्व कहलाता है। ईरानी प्राचीन जोरास्ट्रियन संस्कृति में मित्र, सत्य, न्याय, सौहार्द, सन्धि और ऋत (स्वैच्छिक धर्म पालन) का देवता था। आर्मेनिया व अजरबैजान में भी मित्र के ये ही विशेषण रहे हैं। जरथुस्त्र या जोरास्टर द्वारा प्रवर्तित हिन्द-ईरानी मत के ग्रंथ अवेस्ता व संस्कृत में अनेक समानार्थक शब्द प्राचीन ईरानी अर्थात पारसी व आर्य सभ्यताओं में साझे हैं।

## फेसबुक

**बंगाल** में सत्ता खोने का डर,शब्दों की मयार्दा में दिखाई दे रहा है ।नंदीग्राम ने आपको सत्ता में लाया और मेडिकल कॉलेज का रेप सत्ता से बाहर करेगा ।पाप का घड़ा फूट गया।

– निशिकांत दूबे, सांसद

## आपके ट्वीट

**झारखण्ड** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से राज्य की लाखों बहनों को मिल रहा खुशियों का उपहार.... हर बहना को हर साल 12 हजार ।

– हेमंत सोरेन, सीएम





हम मेजर ध्यानचंद जी के जन्म दिन को खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिवस पर देश के खिलाड़ियों के खेल में विकास और प्रगति के लिये हम कामना करते हैं।

– नरेन्द्र मोदी

# हमारे साहित्य और संस्कृति में पर्यावरणीय चिंतन

## संस्कृति

**आशुतोष सिंह**

**भारतीय** संस्कृति और साहित्य में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी अनेक बातें मिलती हैं। हमारे पर्व प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देते हैं, वहीं प्राचीन भारतीय साहित्य में भी प्रकृति को बचाने के संदेश दिए गए हैं

वट सावित्री पर वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। यह पर्व पर्यावरण रक्षा का संदेश देता है।

अनादिकाल से पर्यावरण संरक्षण का भाव भारतीय चिंतन के केंद्र में रहा है। भारतीय वैदिक साहित्य में कुछ पुराणों के नाम अग्नि, वायु, वरुण इत्यादि के नाम पर रखे गए हैं। इनका उद्देश्य है अग्नि, वायु व वरुण के महत्व को बताना, ताकि समाज पर्यावरण संरक्षण को धर्म की आज्ञा और इसमें अपने योगदान को ईश्वरीय सेवा के समान माने। वैदिक ऋषियों ने सर्वप्रथम पर्यावरण पर चिंतन करते हुए सृष्टि को प्रारंभिक अवस्था में जिस रूप में देखा, उसका वर्णन ऋग्वेद की ऋचाओं (नासदासीत्रो सदासीत्तदानी... 10/129, 1-7) में उपलब्ध होता है। यहां ऋषि कहते हैं कि सृष्टि के आरंभ में न सत था न असत। फिर ब्राह्मण ग्रंथ (पृ. 158) में भी पुनः प्रश्न उठाया गया कि कौन जानता है यह सब? और कौन उसका वर्णन कर सकता है? किंतु इसके संपूर्ण समाधान के लिए ऋग्वेद संहिता में मंत्र है-हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे... (ऋग्वेद, 10/121/1)। इसमें सृष्टि के विकास-क्रम को बताया गया है कि सर्वप्रथम जीवों का स्वामीभूत हिरण्यगर्भ अस्तित्व में आया और उसी से सृष्टि का अविच्छिन्न विकास हुआ आदि-आदि। विज्ञान के अनुसार प्रकृति सदैव तीन रूपों में विद्यमान रहती है-कण, प्रतिकण एवं विकिरण। चाहे वह सृष्टि उत्पत्ति का समय हो या अन्य कोई समय। वैदिक सिद्धांत के अनुसार प्रकृति में मूल तीन वर्ग, ह्यत्रयः कृण्वति भुवनस्य रेतह्व (ऋग्वेद, 7/33/7) विद्यमान हैं। ये हैं वरुण, मित्र और अर्यमा। इनकी संयुक्त सत्ता को अदिति कहा गया है, जो अनादि एवं अखंड सत्ता है। व्यक्तिगत रूप से ये आदित्य कहाते हैं। ये अनादि शाश्वत सत्ता के अंगभूत हैं।

वैदिक अवधारणाओं के अनुसार सृष्टिकाल से दृश्य जगत तक भौतिक पदार्थ पांच अवस्थाओं में निष्क्रमण करते हैं। भारतीय वैदिक व पौराणिक साहित्य चिंतन में प्राकृतिक घटकों से कल्याण की अभिलाषा को स्वस्ति कहा गया है। इस पर आचार्य सायण एवं नैरुक्त का विचार है कि अप्राप्य वस्तु की प्राप्ति योग है एवं प्राप्ति का संरक्षण क्षेम है (ऋग्वेद, 5/51/11)।

अतएव सहज-सुलभ व सरल प्राकृतिक घटकों का सुरक्षित रहना स्वस्ति है। इस प्रकार पर्यावरण को संरक्षित रखने की उदात्त भावनाएं हमें अनेक स्थलों पर देखने को मिलती हैं।

प्राचीन वैदिक ऋषियों व विद्वानों ने उन समस्त पर्यावरणीय उपकारक तत्वों को देवसम्य बताकर उनके महात्म्य को अभिव्यक्त तो किया ही है, साथ ही साथ मानवीय जीवन में उनके पर्यावरणीय महत्व को भी स्वीकार किया है। इन देवताओं के लिए मनुष्य का जीवन ऋणी हो गया और वैदिक व शास्त्रीय परिकल्पनाओं व अवधारणाओं ने मानव को पितृऋण और ऋषिऋण के साथ-साथ देवऋण से भी उन्मुक्त होने की ओर संकेत किया है। वे देवऋण से मुक्त होने के लिए भी कर्तव्य करें।

ऋषियों ने उसके लिए यह मयार्दा व सीमाएं स्थापित की हैं। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है उनमें सूर्य, वायु, वरुण (जल) एवं अग्नि देवताओं से रक्षा की कामना की गई है। ऋग्वेद (1/158/1, 7/35/11) तथा अथर्ववेद (10/9/12) में दिव्य, पार्थिव और जलीय देवों से कल्याण व मंगल की कामेच्छा स्पष्ट रूप से उल्लिखित है।

## कॉटून वर्ल्ड

अमेरिका का कृत्य ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**राजनीति** से अहद-ए-वफा की उम्मीद की ही नहीं जा सकती। किसी भी दल की जरा-सी हलचल क्या होती है कि अपनी निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। क्या अब सुधार संभव है।

–मीरा गौतम, जमशेदपुर

### समय सीमा तय हो

**जब**-जब चुनाव का दौर शुरू होता है तब-तब पार्टियां सत्ता हासिल करने के लिए घोषणा पत्रों को तैयार करने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ती। सत्ता हासिल करने के बाद घोषणा पत्र को लागू करना भूल जाते हैं और केवल कागजों में ही सिमट कर रह जाते हैं। इस मामले पर निर्वाचन आयोग को घोषणा पत्र लागू करवाने के लिए तय सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए।

–संदीप वत्स, रांची

# देश में छात्रों की आत्महत्या की दर चिंता का विषय

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

आधुनिक समय जैसे-जैसे विकास की अपार संभावनाओं के बीच सतत ऊंचाइयों को छू रहा है। मानवीय समाज में सफलता का दबाव इस कदर हावी होता जा रहा है कि थोड़ी सी असफलता भी कोई स्?वीकार्य नहीं करना चाह रहा, जिसके कि परिणाम बहुत भयावह रूप से सामने आ रहे हैं। इसमें दुखद यह है कि बच?चे अपना धैर्य खोते जा रहे हैं और अपने बीच समस्याओं के समाधान के लिए जब वे किसी को नहीं पाते तो आत्महत्या जैसा अनुचित कदम उठा लेते हैं। किंतु अपनी जीवन लीला समापित के बाद ऐसे बच्चे अपने अभिभावकों के लिए बहुत बड़ा दर्द पीछे छोड़ जाते हैं, जिसे वे जीते जी, जीवन भर अनुभव करते हैं । इससे जुड़े जो आंकड़े हाल ही में सामने आए हैं आज वे बहुत चिंता पैदा कर रहे हैं। क्योंकि भारत में छात्रों की आत्महत्या की घटनाएं समग्र आत्महत्या प्रवृत्तियों की दर से भी अधिक हो गई है। पिछले दशक में छात्र आत्महत्याओं में 50 और छात्राओं में 61 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में दोनों में औसतन 5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के आधार पर, छात्र आत्महत्या भरत में फैलती महामारी रिपोर्ट वार्षिक आईसी-3 सम्मेलन में जारी की गई है जो हमारे सभ्य समाज को आज बहुत कुछ विचार करने के लिए विवश कर रही है । देश में आत्महत्या की घटनाओं की संख्या में प्रतिवर्ष दो प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है, जिसमें कि विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसी-3 इंस्टीट्यूट की ओर से संकलित यह रिपोर्ट बता रही है कि वर्ष 2022 में कुल छात्र आत्महत्या के मामलों में 53 प्रतिशत पुरुष छात्रों ने खुदकुशी की थी, जबकि इससे पहले के वर्ष में छात्राओं की आत्महत्या में सात प्रतिशत की वृद्धि दिखी। जिसमें कि सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थीति राज्यवार मुख्य पांच राज्यों को देखें तो महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और झारखण्ड की है। इन प्रदेशों में छात्र सबसे अधिक आत्महत्या कर रहे हैं। यानी कि जो आंकड़ा निकलकर सामने आया है, वह देश में होने वाली कुल आत्महत्याओं का एक तिहाई है, कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों से जुड़ा राजस्थान इस सूची में दसवें स्थान पर है। महाराष्ट्र में 2022 के दौरान 1,764, तमिलनाड़ में 1,416, मध्य प्रदेश में 1,340, उत्तर प्रदेश में 1,060 और झारखण्ड में 824 विद्यार्थियों ने अपनी जीवनलीला समाप्त की है।

वास्तव में एनसीआरबी के आंकड़े पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी रिपोर्ट (एफआईआर) पर आधारित है। जो हमें सभ्य समाज के बीच बहुत कुछ सोचने पर विवश कर रही है। क्या हमारे इस सभ्य समाज में आत्महत्या के लिए कोई जगह होनी चाहिए यदि नहीं तो यह आत्महत्याएं क्यों हो रही हैं इसका अर्थ हुआ कि हम अपने बच्चों में जीवन की सकारात्मकता के प्रति विश्वास पैदा नहीं कर पा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने इसलिए ही परीक्षा पर चर्चा की शुरूआत की है, ताकि बच्चे उसके प्रति सहज हों और उससे बिल्कुल भी घबनाएं नहीं । अभिभावकों को भी चाहिए कि वह अपने बच्चों को सहनशील बनाने एवं धैर्य धारण करने की दिशा में भी प्रशिक्षित करें।

इसके साथ ही हमें अपने बच्चों का परिचय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) और राज्य बाल संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) से अवश्य करवाना चाहिए। जो कार्य राष्ट्रीय स्तर पर एनसीपीसीआर का है, वही राज्य स्तर पर एससीपीसीआर करता है। आयोग के लिए, शुन्य से लेकर अट्ठारह वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा समान महत्व रखता है। आयोग का अपने गठन के पहले दिन से ही यह मानना रहा है कि बाल अधिकार के संरक्षण के हित में एक बड़े वातावरण का निर्माण होना आवश्यक है। अतः इसके लिए जो भी कदम हो सकते हैं, वे सभी बच्चों के हित केंद्र व राज्य सरकारों को उठाने चाहिए। आयोग के लिए, सभी बच्चों के अधिकार समान महत्व के हैं ।देशभर में केंद्र व राज्य बाल आयोग संसद के अधिनियम (दिसम्बर 2005) के तहत एक सांवैधानिक निकाय के रूप में आज कार्य कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## छात्र, छात्राओं के बीच चला जागरूकता कार्यक्रम

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी पिंकी रानी, हवलदार कंचन कुमारी के द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एवं राज्यकृत प्लस टू उच्च विद्यालय कोडरमा के छात्र-छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आपातकालीन सेवाओं (डायल 112, 100, 1930), यातायात नियमों, साइबर धोखाधड़ी एवं व्यक्तिगत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

## कैलाश राय में अभिभावक गोष्ठी

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में शुक्रवार को वर्ग दशम एवं द्वादश के अभिभावकों की गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का प्रारंभ प्रबंधकरणीय समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार एवं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर हुआ।

## इण्डेन गैस एजेंसी के खिलाफ एसडीओ को आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सांसद प्रतिनिधि शम्भू सिंह ने त्रिदेव इण्डेन गैस एजेंसी के मालिक पर ग्राहकों को गैस सिलेण्डर देने में अतिरिक्त वसूली, गैस सिलंडर को ब्लैक करने व ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए एसडीओ को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिये गये आवेदन में शम्भु सिंह ने बताया है की इंडेन गैस एजेंसी के मालिक शंकर साव द्वारा गैस मांगने पर ग्राहकों से बीस रुपया अतिरिक्त लिया जाता है।

## फर्जी तरीके से पैसा निकासी करने का ऑनलाइन मामला दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत धरगांव निवासी ललिता देवी ने दो लोगों के विरोध फर्जी तरीके से पैसा निकासी करने का ऑनलाइन मामला दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया है की जूही आजीविका सखी मंडल धरगांव में संचालित है। जिसके अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष दोनों के मिलीभगत से पांच लाख का गबन किया है। अध्यक्ष उर्मिला देवी पति पंकज मेहता कोषाध्यक्ष रेखा देवी पति सुभाष मेहता ने जूही आजीविका सखी मंडल धरगांव के खाता संख्या 48757631000056 जो बैंक ऑफ़ इंडिया फुलवरिया में संचालित है।

## जिले के लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव से मिली

**कोडरमा।** महामहिम राज्यपाल से मिलने के उपरांत विधायक डॉ.नीरा यादव ने जिले के खराब विद्युत व्यवस्था को लेकर ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव सह एमडी झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अविनाश कुमार से मिली और लचर विद्युत व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब इसमे सुधार लाने की मांग की। वहीं विधायक ने ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव को कहा की जिले में थोड़ी सी बारिश होने पर भी घण्टों बिजली आपूर्ति बन्द कर दिया जाता है।

## मेजर ध्यानचंद जयंती समारोह का आयोजन

**चतरा।** जिला ओलम्पिक संघ ने गुरुवार को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाया और उनकी उपलब्धियों को याद किया।एथलेटिक्स, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, ताइक्वांडो, खो खो, नेटबॉल, बास्केटबॉल और वुशु के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों के साथ चतरा जिला ओलम्पिक संघ के पदाधिकारियों और चतरा जिला के शारीरिक शिक्षकों ने मेजर ध्यानचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सचिव राकेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चन्द्रवंशी, गणेश महतो, राजेश कुमार, दीपक कुमार, विपुल कुमार, रवि कुमार, कृष्णा कुमार, जुनैद खान, बिरेन्द्र कुमार रविदास, योगेंद्र कुमार, जगदीश भोक्ता, शारीरिक शिक्षक दीपक कुमार अबोध राम, जितेन्द्र यादव, मुकेश कुमार, सन्तोष राय, रूपक कांति सामंता आदि एवं सैकड़ों खिलाड़ी मौजूद थे।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनाई सजा, दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मारपीट कर हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी 27 वर्षीय राजेश सिंह पिता सोहर सिंह मेघातरी कोडरमा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दस हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने राजेश सिंह को 307 आईपीसी में दोषी पाते हुए 7 वर्ष की सजा सुनाई है, साथ ही पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

**मामला 2023 का है, इसे लेकर कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया था :** अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 12 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पीपी एंजेलिना वारला ने न्यायालय से अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोविंद कुमार ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत उपरोक्त अभियुक्त को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वहीं न्यायालय ने 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए उपर्युक्त अभियुक्त को 7 वर्ष की सजा सुनाई व पांच हजार रूपये जुर्माना भी लगाया, सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। वहीं न्यायालय ने अन्य को साक्षय के अभाव में बरी कर दिया। इसे लेकर सावित्री देवी मेघातरी निवासी ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए आवेदन में कहा था कि रात्रि करीब 11 बजे घर में सभी लोग सो रहे थे, उसी समय राजेश सिंह, तुनीता देवी, मुनमा मसोमात, कारू सिंह, चंदन सिंह, गुड्डू सिंह बगैर घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस आए और हम सभी को जान मारने की नीयत से लाठी-डंडा से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। मैं किसी तरह तत्काल इलाज के लिए उन लोगों को सदर अस्पताल ले गई जहां, गंभीर अवस्था को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान वीरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी।

### लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

# आपकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट होगा निराकरण : डीसी





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं शुक्रवार को सतगावां प्रखंड के कटैया, डोमचांच प्रखंड के बच्छेडीह, कोडरमा प्रखंड के करमा, चंदवारा प्रखंड के चंदवारा पूर्वी, जयनगर प्रखंड के जयनगर पूर्वी व जयनगर पश्चिमी और मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो ऊरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज डोमचांच प्रखंड अंतर्गत बच्छेडीह व कोडरमा प्रखंड के करमा पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने शिविर में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम राज्य सरकार की अनोखी पहल है। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं, जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपलोग अपनी-अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से करें, ताकि आपकी समस्याओं को त्वरित गति से समाधान किया जा सके और इसकी मॉनिटारिंग किया जा सके। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल हों और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें। वहीं जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कई तरह की महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ उठायें। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि शिविर में अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जहां योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। सभी आमजन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। सतगावां प्रखंड के मीरगंज, डोमचांच प्रखंड के ढाब व बंगाखलार, कोडरमा प्रखंड के डुमरडीहा, चंदवारा प्रखंड के खांडी, जयनगर प्रखंड के करियावां व हिरोडीह और मरकच्चो प्रखंड के मुर्कमनाय में आज शिविर का आयोजन किया जायेगा।

**शिविर में विभिन्न विभागों का लगाये गये स्टॉल :** शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। वहीं उपायुक्त ने आमजनों का योजना का लाभ देने के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया।

**ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का किया गया वितरण :** उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज द्वारा लाभुकों के बीच झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। बच्चियों के बीच निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया। दो गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं एक बच्चे की मुंहजुठी करायी गयी। वहीं जेएसएलपीएस के सखी मंडल के दीदियों को स्वरोजगार करने हेतु चेक प्रदान किया गया। मनरेगा के तहत जॉब कार्ड वितरण किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक बने अशोक कुमार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत स्टेडियम हॉटवार रांची में आयोजित छह दिवसीय 112वें इंटरनेशनल प्रशिक्षक एवं 62वें ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक का सेमिनार आयोजित किया गया। भारतीय ताइक्वांडो संघ और कुकीवान, वर्ल्ड ताइक्वांडो हैडक्वटर, साउथ कोरिया की ओर से आयोजित सेमिनार में कोलंबिया, भूटान, नेपाल, जॉर्डन सहित 15 देशों के करीब डेढ़ सौ प्रशिक्षकों ने भाग लिया। इस सेमिनार के पश्चात् दो तरह की अलग-अलग परीक्षा ली गई, जिसमें दोनों परीक्षा में मास्टर अशोक कुमार, ब्लैक बेल्ट, पांचवी डान, साउथ कोरिया से प्राप्त ने पास होकर कोडरमा से झारखंड राज्य के पहले एवं इकलौते अंतरराष्ट्रीय मास्टर होने का गौरव प्राप्त किया है। साथ ही साथ मास्टर अशोक कुमार को कुकीवान, साउथ कोरिया के द्वारा उनके बेहतर सहयोग को देखते हुए अप्रिशिएसन लेटर देकर अलग से सम्मानित किया गया। इस तरह पूरे भारत वर्ष में मास्टर अशोक कुमार इकलौते व्यक्ति रहें जिन्हें तीन तरह का सर्टिफिकेट कुकीवान साउथ, कोरिया, वर्ल्ड ताइक्वांडो हेडक्वार्टर के अध्यक्ष लीई. दोंग.सुप. के द्वारा प्रदान किया गया। इस बड़ी उपलब्धि को पाने के पश्चात् मास्टर अशोक कुमार को कई समाजसेवियों संगीता शर्मा असिस्टेंट गवर्नर, अरुण मिश्रा, अमीषा आदि लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

एक नजर में

## इटखोरी प्रखंड में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के करनी पंचायत भवन में शुक्रवार को डीएसपी रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में 'जन शिकायत समाधान कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में इटखोरी और मयूरहंड थाना क्षेत्र के जन प्रतिनिधि, पुलिस निरीक्षक इटखोरी, थाना प्रभारी इटखोरी, थाना प्रभारी मयूरहंड, मयूरहंड पारा लीगल वॉलंटियर और दोनों प्रखंडों के आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, पीड़ित मुआवजा, महिला सुरक्षा, डायल 112, डायल 1930, मानव तस्करी, डायन प्रथा, अफीम की खेती और ब्राउन शुगर की खपत के रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतें जमीन से संबंधित थीं और एक शिकायत बीमा में नाम पर धोखाधड़ी से संबंधित थी। सभी शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। इस तरह के कार्यक्रम इटखोरी प्रखंड और मयूरहंड प्रखंड में आगे भी आयोजित किए जाएँगे।

## चट्टी गाडीलौंग में ग्रामीणों की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को शहीद चौक समीप दुर्गा पूजा समिति चट्टी गाड़ीलौंग का बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता चुरामन विश्कर्मा और संचालन मिथलेश कुमार ने किया। बैठक के प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दूर्गा पूजा मनाने को लेकर चट्टी गाडीलौंग दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से तीसरी बार अध्यक्ष अशोक ठाकुर एवं सचिव भीम साव कोषाध्यक्ष धनंजय प्रजापति उपाध्यक्ष मुकेश प्रजापति गोविन्द पंडा गणेश गुप्ता मंजीत गुप्ता मिथलेश कुमार गुप्ता संरक्षक रवींद्र गुप्ता चुरामण विश्वकर्मा मनोज नायक बसंत शर्मा प्रसाद नायक को बनाया गया। सभी नवयुक्त पदाधिकारियों ने धूम धाम के साथ दुर्गा पूजा मनाने की संकल्प लिया।

मौके पर दिपक शर्मा किशोरी प्रजापति बबलू विश्कर्मा संतोष कुमार गुप्ता धर्मेंद्र पांडे विकास कुमार प्रजापति नकुल राम रविंद्र कुमार गुप्ता मिथुन कुमार नायक बबलू कुमार प्रजापति दीपक कुमार नायक गीत गुप्ता रंजीत गुप्ता कमलेश कुमार रंजीत कुमार गुप्ता दिनेश कुमार प्रजापति ईश्वर कुमार प्रजापति मोहन प्रसाद गुप्ता सहित सैकड़ों उपस्थित हुए।

### महामहिम राज्यपाल से मिली विधायक

## जेजे कालेज को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रहने देने की मांग



खब मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव महामहिम राज्यपाल से मिली और ज्ञापन सौंप कर जेजे कॉलेज समेत जिले के सभी डिग्री कालेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रहने देने की मांग की। वहीं राज्यपाल को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि एक साजिश के तहत जिले के एकमात्र अंगीभूत कॉलेज जगन्नाथ जैन कॉलेज समेत जिले के सभी डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह में बनाये जा रहे नए विश्वविद्यालय में स्थानांतरित किया जा रहा है, जबकि कोडरमा से हजारीबाग की दूरी महज 60 किलोमीटर है, वहीं गिरिडीह की दूरी करीब 120 किलोमीटर है। सरकार के इस निर्णय से जिले के हजारों गरीब छात्रों को काफी परेशानी होगी, ऐसे में जिले के गरीब छात्रों की परेशानी को देखते हुए जेजे कॉलेज समेत जिले के सभी डिग्री कॉलेज को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में यथावत रहने दिया जाय।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर चलाया गया जागरुकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार, बुधवार को प्रखंड कार्यालय में पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव ने संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया।इस अभियान के दौरान, केंद्र सरकार द्वारा भारत में लागू किए गए नए कानून संहिता के तहत नई धाराओं की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि कानून में बड़ा संशोधन किया गया है, जिसमें धारा संख्या 511 से घटाकर 358 कर दी गई है और इसके तहत 20 नए अपराध जोड़े गए हैं। कई अपराधों में न्यूनतम सजा का प्रावधान है, जबकि छोटे-छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का प्रावधान किया गया है। वहीं, कई अपराधों के लिए जुमार्ना बढ़ाया गया है और सजा की अवधि में भी वृद्धि की गई है। पहले क्राइम-पहले आइपीसी के नाम से जाना जाता था, अब भारतीय न्याय संहिता इठर के नाम से जाना जाएगा।

**भारतीय न्याय संहिता के तहत किया गया बदलाव**

**भारतीय न्याय संहिता में नए कानून इस प्रकार लागू किए गए हैं:** हत्या की धारा 302 अब 103 हो गई है, हत्या का प्रयास-धारा 307 अब 109 हो गई है, गैर इरादतन हत्या-धारा 304 अब धारा 105 में निहित है, छेड़छाड़-धारा 354 को बदलकर धारा 74 किया गया है, धोखाधड़ी धारा 420 अब धारा 318 है, लापरवाही से मौत धारा 304ए अब धारा 106 है, आपराधिक षडयंत्र के लिए सजा धारा 120बी अब धारा 61 है, देश के खिलाफ युद्ध-धारा 121, 121ए अब धारा 147, 148 है, मानहानि-धारा 499/500 अब धारा 356 है, लूट की-धारा 392 अब धारा 309 है, डकैती-धारा 395 अब धारा 310 है, पति द्वारा क्रूरता का शिकार महिलाएं -धारा 498ए अब धारा 85 है।

## कोडरमा में गर्भवती महिला का शव मिला, ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत करियावां में नौ माह की गर्भवती महिला तरन्नुम खातून (27) का शव घर के कमरे में मिला। घटना के बाद मायके बरही थाना क्षेत्र के भंडारो निवासी मृतक की मां कुलसुम खातून ने जयनगर थाना में आवेदन देकर ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। कुलसुम ने दहेज में बुलेट वाहन के लिए पुत्री तरन्नुम खातून की हत्या करने का आरोप उसके पति समेत सलाउद्दीन अंसारी, ससुर शमसुद्दीन अंसारी, सांस रसीदन खातून, देवर शोएब अंसारी, इरफान अंसारी, तिलैया थाना क्षेत्र के झोलपो निवासी ननद सोनिया खातून, ननदोसी कुर्बान अंसारी पर लगाया है। आवेदन में कुलसुम खातून ने कहा है कि उनकी बेटी तरन्नुम की शादी 7 वर्ष पूर्व समसुद्दीन अंसारी के पुत्र सलाउद्दीन अंसारी के साथ हुई थी। शादी के बाद अतिरिक्त दहेज के रूप में बुलेट की मांग को लेकर हमेशा मानसिक व शारीरिक प्रताड़ित करते रहते थे। उन्हें पता चला कि उनकी पुत्री की घर में ही गला घोटकर हत्या कर दी गई। मृतका की मां ने यह भी बताया कि उनकी पुत्री 9 माह की गर्भवती थी जो आजकल में बच्चे का जन्म देने वाली थी लेकिन उसके ससुराल वालों ने उनकी पुत्री के साथ-साथ पेट में पल रहा बच्चे को भी मार दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। घटना के बाद ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस अब तक किसी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं कर सकी है।

## मनरेगा योजनाओं का भौतिक सत्यापन और जनसुनवाई का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत भवन में सामाजिक अंकेक्षण का पंचायत स्तरीय जनसुनवाई शुक्रवार को ग्राम सभा के माध्यम से किया गया।सामाजिक अंकेक्षण की टीम ने मनरेगा योजना से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन, दस्तावेज सत्यापन और मजदूरों का सत्यापन किया। टीम के सदस्यों अरविंद सिंह और नारायण पासवान ने बताया कि बारीसाखी पंचायत में मनरेगा से संचालित योजनाओं में डोभा, टीसीबी, कुआं, मेढ़बंदी, दीदीवाड़ी और सेड योजनाओं का भौतिक सत्यापन और जनसुनवाई की गई।

इस अवसर पर मुखिया सुमीरा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रियांशु देवी, रोजगार सेवक पार्वती कुमारी, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, प्रसादी पासवान, रामाशीष यादव, सुनील कुमार यादव, मनोज साहू, बद्री यादव, गीता देवी, विकास कुमार बिकु, अजय रविदास और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बिना म्यूजिशियन व माइक सेट के भक्तों ने भरी भक्ति की आवाज

## 'भजन गायन से गूंजा मंदिर प्रांगण'

### एकादशी के मौके पर प्रयास ताली कीर्तन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के पानी टंकी रोड स्थित खेतान निवास स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर प्रयास ताली कीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस विशेष अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भजनों का आनंद लिया। इस कार्यक्रम की एक विशेषता यह रही कि यहां हर एक एकादशी को माइक सेट और म्यूजिशियन कलाकारों के बिना भक्तों का उत्साह कम नहीं होता। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में एक ढप और झांझ की ताल पर भक्तगणों ने अपनी मुर आवाज में भजन प्रस्तुत किए, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया, जो दर्शनीय था। भक्तों ने भावनाओं से भरे भजन गाए, जिनमें यश दाहिमा सुन लें कन्हैया अर्ज़ी हमारी देना ना देना तेरी मर्ज़ी., संजू पिलानिया ने लड़खड़ा ना जाऊं कहीं तू सम्भालोगे विश्वास है श्याम सुंदर.,हार्दिक लड्ढा ने बाबा मेरी लाज अनमोल है, तेरी सिवा कौन रखेगा., हिमांशु केडिया ने हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा., शुभम ने हम गरीबों से रखता है यारी, नाम है उसका बाके बिहारी.. जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। इस कार्यक्रम को प्रयास नाम दिया गया, जिसकी सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें कोई पेशेवर गायक शामिल नहीं थे। यहां पर हर भक्त ने अपनी आवाज़ में भजन गाकर बाबा श्याम को रिझाने का प्रयास किया। यह आयोजन छोटे-बड़े आयोजनों में भजन प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले कलाकारों को भी एक मंच प्रदान करता है, जहां वे अपनी भावनाओं को भजनों के मायम से भगवान के समक्ष प्रकट कर सकते हैं। ताली कीर्तन के इस अनूठे आयोजन में भक्तों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। ढप और झांझ की ताल के बीच भजनों की तान ने न केवल कार्यक्रम स्थल का उत्साह वर्धन किया, बल्कि वहां उपस्थित श्रद्धालुओं को भी भक्ति में डूब जाने का अवसर दिया।



### 'बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार'

कार्यक्रम के दौरान बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। बाबा श्याम के दर्शन करने और उनकी भक्ति में लीन होने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने अपने भजनों के माध्यम से बाबा को रिझाने का प्रयास किया और उनकी कृपा पाने के लिए प्रार्थनाएं कीं। इस प्रकार के आयोजन समाज में भक्ति और आध्यात्मिकता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। मौके पर महावीर खेतान, संजू पिलानिया, संदीप हिसारिया, शुभम कुमार अरविंद चौधरी, विष्णु चौधरी, अमित बंसल, पवन खेतान सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# बैंक ऑफ इंडिया में खाता धारकों की भीड़ हुई अनियंत्रित

## ग्राहकों को टोकन बांट रहे बैंक कर्मी के साथ खाताधारको ने की धक्का मुक्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** बैंक ऑफ इंडिया भंडरा शाखा में खाता धारकों की भीड़ उमड पड़ी है। खाताधार को की भीड़ के कारण बैंक में रोजाना कुछ ग्राहकों को बगैर काम किए ही वापस लौट जाना पड़ता है। बैंक में रोजाना 5 से 6 हजार ग्राहक पहुंच रहे हैं। बैंक से लेकर बरामदा सीढ़ी एवं नीचे पार्किंग स्थल तक लंबी लाइन लग रही है। लंबी लाइन और भीड़ के कारण काम नहीं होने से ग्राहक आक्रोशित होकर शुक्रवार को सड़क पर उतर गए। खाताधारकों का कहना है कि बैंक में रोजाना भीड़ लग जाने से कई ग्राहकों को कई दिनों तक चक्कर काटना पड़ रहा है । जिसके कारण कई आवश्यक काम प्रभावित होता है। खाता धारकों के सड़क पर उतरने के बाद शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद के द्वारा खाताधारकों को समझा बूझकर सड़क से हटाया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि बैंक में रोजाना तेज गति से कम हो रहा है और सभी लोगों का काम किया जाएगा। इसके बावजूद ग्राहकों के भीड़ देख बहुत से ग्राहक बगैर काम करवाए हैं वापस लौट गए। वरीय पदाधिकारी एवं प्रशासनिक निर्देश के बाद बैंक ऑफ इंडिया में बढ़ते भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से रोजाना कूपन बात कर खाताधारियों का काम निपटारा करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके बाद खाता धारी को टोकन बात कर काम किया जा रहा है। इस संबंध में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक रामनरेश प्रसाद ने बताया कि सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का घोषणा के बाद बैंक में ग्राहकों की भीड़ बढ़ जाती है।

झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की घोषणा की गई है तब से बैंक में खाताधारकों के भीड़ अप्रत्याशित बढ़ी हुई है। रोजाना 5 से 6 हजार लोग तक बैंक में पहुंच रहे हैं. जिससे कि बैंक की स्थिति ठीक नहीं है। बैंक कक्ष सहित बरामदा एवं सीढ़ी में इतनी भीड़ बढ़ जाती है कि कभी भी किसी तरह की दुर्घटना की संभावना बनी रहती है । शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया जिला का अग्रणी बैंक है और सरकार के द्वारा जनहित की योजनाओं की सारी राशि बैंक ऑफ इंडिया के खाताधारकों के खाता में आती है। इस ब्रांच में लगभग एक लाख खाताधारी हैं। जिससे कि लोगों की भीड़ के कारण काम करने में काफी कठिनाई हो रही है। बैंक के सभी कर्मी सुबह 9:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक काम करते हैं। इसके बावजूद खाता धारकों का काम बचा रह जाता है। बैंक में स्ट्रैंथ के अनुकूल 5 गुना ग्राहकों का काम किया जा रहा है फिर भी खाता धारक असंतुष्ट हैं। इस पर बैंक प्रबंधन कुछ नहीं कर सकता है। बैंक कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।



बैंक के बाहर लगी भीड़

## स्पीड न्यूज

### भाजयुमो ने कराया तीन यूनिट रक्तदान

**गुमला।** पालकोट रोड स्थित साहू नर्सिंग होम में इलाजरत एक मरीज के जीवन रक्षा को लेकर शुक्रवार को भाजयुमो सदस्यों ने तीन यूनिट रक्तदान कराया। जिसे पूर्ण करने के लिए गुमला थाना के एस आई हिमांशु शेखर सिंह से संपर्क कर गुमला भाजयुमो अध्यक्ष संदीप प्रसाद ने रक्तदान कराया। इस मरीज को पहले भी छः यूनिट रक्त उपलब्द्ध कराया जा चुका है। अन्य दो मरीजों के लिए भाजपा नेता राजेश सिंह ने रक्तदाताओं से संपर्क कर रक्तदान कराया। युवा मोर्चा गुमला के सभी युवाओं से आग्रह करता है की समय समय पर रक्तदान करें और लोगों की मदद करें। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विकास सिंह , बादल साहू टेक्नीशियन राकेश जी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री लघु कुटीर विकास उद्यमी बोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री लघु कुटीर विकास उद्यमी बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को हुई। मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास उद्यम बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक में जिला उद्यमी समन्वय सूरज कुमार को आवश्यक निर्देश दिए गए । उपायुक्त ने पीएम विश्वकर्मा के तहत 709 कारीगरों को आवेदन अग्रसारित करने का निर्देश दिया गया। बसिया रामजड़ी के कारीगरों को सीएसआर के तहत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पीएमएफएमई के तहत गुमला जिले में इकाई स्थापित करने हेतु स्वीकृति नहीं दी गई है। एलडीए, जीएए डीआईसी को निर्देश दिया गया कि जिले के बैंकरों के साथ ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया जाए एवं सभी शाखा से एक-एक स्वीकृति पत्र कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए।

### मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के गुटवा परसाटोली पतरा के समीप शुक्रवार की शाम 5 बजे मोटरसाइकिल से गिरकर खपिया गांव निवासी बुधराम उरांव घायल हो गया। जहां परिजनों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घायल बुधराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु बुधराम को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया ।घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बुधराम अपने बहन के घर गुटवा परसा टोली आया था।

### क्षत विक्षत व्यक्ति का शव बरामद

**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने जमगई जंगल से क्षत विक्षत स्थिति में एक अज्ञात शव बरामद किया है। वही शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। शव को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दो-तीन दिन पूर्व ही व्यक्ति की मौत हुई थी। शव से बदबू भी आने लगा है। जानकारी के अनुसार मृतक लगभग एक सप्ताह पूर्व से जंगल में ही आश्रय लिया था। वह विक्षिप्त भी था। आश्रय लेने के बाद समाजसेवियों ने चादर, छाता व कुछ खाने की सामग्री उसे जा कर दिए थे। जिसके बाद अचानक उसकी मौत की सूचना मिली।

## सरकार नप कर्मियों की जायज मांग को पूरा करे जल्द कराये हड़ताल समाप्त: शैल


धरना पर बैठे नप कर्मी व समर्थन करने पहुंची वार्ड पार्षद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाईज फेडरेशन के आह्वान पर अपनी छः सूत्री मांगों को लेकर नगर परिषद के सभी संविदा कर्मी पिछले चार दिनों से हड़ताल पर हैं। अपनी मांगों के समर्थन में सभी कर्मी प्रत्येक दिन कार्यालय प्रांगण में फेडरेशन के बैनर तले बैठ कर एकजुटता का परिचय दे रहे हैं। इस बीच हड़ताली नप कर्मियों के बीच पहुंच कर वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने कर्मियों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से इनकी मांगों को पूरा करते हुए अविलंब हड़ताल समाप्त कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये कर्मी हमारे स्वच्छता दूत हैं और शहर सहित पूरे राज्य की नागरीय सुविधा इन्हीं पर विकेन्द्रीत है। ऐसे में सरकार इनकी मांगों के प्रति गंभीरता नहीं दिखलाते हुए अपनी असंवेदनशीलता का परिचय दे रही है। इधर नप कर्मियों के धरना के कारण शहर में साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। बरसात के कारण कई मुहल्लों की नालियां बजबजा रही है। मौके पर फेडरेशन के रविन्द्र नाथ मांझी, ब्रजेश गुप्ता, अरसद अली, रवि, सुजीत राम, एतो गोप, प्रदीप राम, रविन्द्र गोप सहित सभी हड़ताली कर्मी उपस्थित थे।

## सीएसआर के तहत शत प्रतिशत ग्राम व टोलों में उपलब्ध करायें पानी: उपायुक्त

### पाठ क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के आजीविका संवर्धन हेतु योजना तैयार करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उद्योग विभाग एवं सीएसआर मामलों को लेकर कंपनी तथा प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सीएसआर कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से सीएसआर हिंडालको कंपनी अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के विकास करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रबंधक (सीएसआर ) हिंडाल्को कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, विभिन्न संरचनाओं के निर्माण आदि के कार्यों की जानकारी दी गई। उक्त सभी कार्यों की उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा की। इस दौरान सीएसआर मद से आवासीय विद्यालयों की मरम्मती, विद्यालयों एवं अन्य स्थानों पर लगाए जा रहे सोलर लाइट की सुविधा, उच्च मध्य विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की मरम्मती, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों, आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने हिंडालको कंपनी को पीएचडी विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सीएसआर के क्षेत्रों में सभी ग्रामों व टोलों अंर्तगत प्राकृतिक जल स्त्रोतों को चिन्हित करते हुए उससे आस पास के गांव तक पेय जल आपूर्ति के कनेक्शन करने हेतु निर्देश दिये एवं योजना तैयार करने की बात कही। जिसके लिए उन्होंने तीन सप्ताह का समय दिया। उन्होंने शत प्रतिशत ग्राम व टोलों में पानी की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। उपायुक्त ने सीएसआर क्षेत्र अंतर्गत संचालित अस्पतालों की स्थिति एवं डॉक्टर्स के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिसके तहत उपायुक्त ने ही हिंडालको को डॉक्टर्स के रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का निर्देश दिया। साथ ही नेतरहाट स्थित बने अस्पताल की स्थिति की जानकारी लेते हुए वहां भी पानी की आपूर्ति को दुरुस्त करने एवं शेष बचे कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीएसआर क्षेत्र अंर्तगत संचालित आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करने हेतु निर्देश दियो। साथ ही आवासीय विद्यालयों में बच्चों के बीच हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। उपायुक्त ने पाठ क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के आजीविका संवर्धन करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

### चार स्थानों में लगाये गये शिविर

**गुमला।** जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों एवं वार्डों में शिविर लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ। आज जिले कई चायतों में शिविर लगाए गए। जिसमें सिसई प्रखंड के मुर्गु पंचायत, गुमला प्रखंड के डूमरडीह पंचायत, पालकोट प्रखंड के बागेसेरा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर एक में शिविर लगाए गए। उक्त शिविरों में सैंकड़ों नागरिकों की भीड़ देखने को मिली, एवं विभिन्न योजनाओं के तहत नागरिकों को ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ दिया गया। आवेदक अपने नजदीकी शिविर में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर जाकर ले सकेंगे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## जिला के 7 पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में लगा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविर शुक्रवार से प्रारंभ हो गया। मुख्य सचिव, झारखण्ड सरकार के निदेश पर सरकार की योजनाओं का लाभ इन शिविरों में दिया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से मुख्य प्रक्षेत्र के अंतर्गत जिन योजनाओं के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जा रहे हैं उनमें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र शामिल हैं।


नगर परिषद के कार्यक्रम में शामिल अधिकारी

**31 अगस्त को इन स्थानों पर संचालित होगा शिविर :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत 31 अगस्त को सुबह 11 बजे से सेन्हा प्रखण्ड के बदला पंचायत के जतरा मैदान, सदर प्रखण्ड के हिरही पंचायत के उर्दू मध्य विद्यालय मैदान, कैरो प्रखण्ड के सढ़ाबे पंचायत स्थित फुटबॉल मैदान, किस्को प्रखण्ड के देवदरिया पंचायत स्थित उच्च विद्यालय खरचा, भण्डरा प्रखण्ड के आकाशी पंचायत के झखरा मैदान आकाशी और कुडू प्रखण्ड के सुंदरू पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कातिंग पंचायत में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा,मुखिया मधुरा मिंज व मुखिया शोभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे। जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए अपना आवेदन जमा किये। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर सीओ दिनेश गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी हुलेश प्रसाद,जनसेवक विश्वराम केवट सहित आंगनबाड़ी सेविका एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्य सरकार में पूरी तरह भ्रष्टाचार हावी: आजसू

### जन जागरण यात्रा के दूसरे दिन कुडु प्रखंड के विभिन्न गांवों का कार्यकताओं ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता


जागरण यात्रा में शामिल लोग

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी के जन जागरण यात्रा के दूसरे दिन शुक्रवार को कुडु प्रखंड के विभिन्न गांव में दौरा करते हुए वर्तमान राज्य सरकार के भ्रष्टाचार को ग्रामीणों के समक्ष उजागर करने का कार्य किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की सभी जगह भ्रष्टाचार हावी है ,चाहे प्रखंड कार्यालय हो, उसमें स्तर इतना गिर चुका है की जाति आवासीय बनाने के लिए भी पैसा देना पड़ रहा है। आवास योजना के लिए खुलेआम पैसे ली जा रही है । शासन और सता दोनों फेल है। पदाधिकारी चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं ,क्योंकि सरकार में बैठे मंत्री और नेता ही यह सभी कार्य कर रहे हैं तो अफसर कैसे कार्य करेंगे। आज यह सरकार भ्रष्टाचार का पर्यायवाची हो गया है। यह सरकार बड़े-बड़े वादे कर रही है परंतु गरीबों को सही से अनाज तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है। जन वितरण प्रणाली में हरा कार्ड धारी को 2023 का राशन दिया जा रहा है और यह सरकार को पता नहीं की 2024 खत्म होने को है। आज बड़ी-बड़ी बात हो रही है परंतु मूलभूत सुविधाएं शिक्षा स्वास्थ्य यह दोनों पर लूट का अड्डा बना हुआ है। कॉलेज में सेमेस्टर वाइज पैसे लिए जा रहे हैं ,जबकि पूर्व में स्कूल से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई मुफ्त होती थी। आज अस्पताल को कोई देखने वाला नहीं है। चिकित्सा सुविधा लचर हो गई है बड़ी-बड़ी बातें करना और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना दोनों में बहुत अंतर है ।यह सरकार कुछ कार्य नहीं कर रही है सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें कर रही है, और लोगों को ठगरही है। अधिकार के नाम पर बेवकूफ बना रही है। सरकार बनने से पहले इन्होंने भरोसा दिया था की आंगनवाड़ी सेविका सहायक पुलिस पारा शिक्षक आदि को स्थाई करते हुए मानदेय बढ़ाया जाएगा,परंतु हुआ क्या, हेमंत सरकार आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्थाई किया ना उनका मानदेय ढंग से बढ़ाया, पारा शिक्षकों का अधिकार नहीं दे पाया ।सहायक पुलिस को अधिकार नहीं दे पाई ,यहां तक की समय से चुनाव नहीं कर पा रही है पंचायत चुनाव दो-तीन साल लटक गए ।नगर पंचायत के चुनाव कहीं 2 साल से तो कहीं 3 साल से लटके हुए हैं ।यह सरकार फेल है इसके कार्य शैली सिर्फ लूटो कुटो और खाओ है यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। हेमंत सरकार योजनाएं बड़ी-बड़ी ला रही है परंतु योजना धरातल पर आते-आते मटिया मेट हो जा रहा है। लूट का बाजार गर्म करने के लिए यह सब योजनाएं लाई जा रही है सत्ता में बैठे लोग मालामाल हो गए हैं।

## एक नजर में

### घाघरा प्रखंड के सभी मुखिया अपनी मांगों को लेकर जाएंगे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर

**घाघरा।** मुखिया संघ के बैनर तले घाघरा प्रखंड के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। जिसको लेकर शुक्रवार को संघ के पदाधिकारियों के द्वारा अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल और ब्लॉक कार्यालय में सांख्यिकी पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष राजेश बड़ाइक ने बताया कि झारखंड सरकार को विगत 24 जुलाई 2024 एवं 29 जुलाई 2024 को मांग पत्र सौंपा गया था तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात एवं वार्ता हेतु 20 अगस्त को समय मांगा गया था। परंतु कोई सुनवाई एवं सकारात्मक पहल नहीं होने के कारण सभी मुखिया आक्रोशित होकर झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना और कलम बंद हड़ताल किये।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कांग्रेसियों ने जिले में मांगी विधानसभा सीट

**गुमला।** गुमला दौरे पर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को जिले के कांग्रेसियों ने प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर विधान सभा चुनाव में जिले के सीटों से कांग्रेस पार्टी का उम्मीदवार देने की मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि गुमला जिला कांग्रेस का गढ़ रहा है। यहां के तीनों विधान सभा सीटों पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते रहे हैं। कांग्रेस के इस किले को बचाये रखने के लिए जिले के कांग्रेसियों ने विधान सभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार उतारने की मांग की है। जिले के कांग्रेसियों ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को लोहरदगा लोकसभा सीट से जीत मिली है।

### छात्र-छात्राओं ने किया जिला विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से जिला विज्ञान केंद्र गुमला का निशुल्क शैक्षणिक भ्रमण पालकोट प्रखंड के उच्च विद्यालय बघिमा के 30 छात्र छात्राओं के दल को शुक्रवार को कराया गया। जिला विज्ञान केंद्र का भ्रमण करते हुए उपलब्ध विज्ञान के प्रदर्श, थ्रीडी प्रिंटर, मोक्सी रोबोट आदि देखा तथा स्पेस विज्ञान, वर्चुअल रियलिटी सहित अत्याधुनिक तकनीक से परिचित हुए। विद्यालय की शिक्षिका प्रोमिला साहू तथा शांति कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान केंद्र पहुंचे सभी विद्यार्थी इस अवसर पर बेहद खुश नजर आए तथा उनके बीच झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा अल्पाहार का वितरण भी किया गया।

### डीईओ ने किया आवासीय विद्यालय के वार्डेन व लेखा पाल के साथ समीक्षा बैठक

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कविता खलखो की अध्यक्षता में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन सह शिक्षिका तथा लेखापाल सह कंप्यूटर आपरेटर की समीक्षा बैठक हुइर्द। जिसमें सभी को विद्यालय के प्रशासन को बेहतर तरीके से चलाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में कामडारा प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय की वार्डेन से नामांकन में उदासीनता के आरोप में स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश डीईओ ने दिया।

### भाजपा किसान मोर्चा ने खाद-बीज की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की

**गुमला।** भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भैरव सिंह खेरवार के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा कार्याकर्ताओं ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जिले में खाद बीज की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिसमें कहा गया कि यूरिया खाद का सरकारी मूल्य 266.50 रुपये प्रति बैग निर्धारित है। जबकि इसे 450 रुपये प्रति बैग की ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा है। इसी प्रकार डीएपी खाद जिसका सरकारी मूल्य 1350 रुपये प्रति बैग है । उसको 1600 रुपये प्रति बैग की कीमत पर खुलेआम बेचा जा रहा है। इस प्रकार की कालाबाजारी से गरीब किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

### खेल में भी करियर बनाया जा सकता है: डीडीसी

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के बैडमिंटन इंडोर कोर्ट में बैडमिंटन प्रशिक्षण केंद्र के युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच बैडमिंटन टूनामेंट का आयोजन कर खेल दिवस मनाया गया। मैच के बाद विजेताओं को उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत एवं डॉ गणेश प्रसाद के द्वारा पुरस्कार के साथ प्रशिक्षण केंद्र की जर्सी वितरित की गई। उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि खेल में भी करियर बनाया जा सकता है।

### जय श्री राम समिति के चुनाव में अध्यक्ष के लिए 3 और महामंत्री के लिए चार उम्मीदवार मैदान में

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति जिला चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद में 2 उम्मीदवार , महामंत्री पद में 3 उम्मीदवार और कोषाध्यक्ष पद में 1 उम्मीदवार ने अपने समर्थक तथा प्रस्तावको के साथ ओम महतो के पास नामांकन किया । ज्ञात हो की 30 अगस्त को 3:00 बजे तक ही नामांकन जमा करने का आदेश समिति के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक रमेश उरांव ने निकाला था। शुक्रवार को नामांकन के अंतिम तिथि के बाद अब अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन उम्मीदवार सुनील अग्रवाल,अशोक साहू और दिग्गज सिंह मैदान में है।

### गजनी में आयोजित हुआ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम

**कैरो।** प्रखण्ड क्षेत्र के गजनी में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्य सहित अधिकारी व जनप्रतिनिधियों में संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रखंड आपूर्ती पदाधिकारी किशोर उरांव द्वारा किया गया। शिविर में मुख्यमंत्री मईया योजना, विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र, अबुवा आवास सहित अलग अलग मामलों को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन जमा किया। कार्यक्रम में प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि आम जनता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए झारखण्ड सरकार ने यह योजना की सुरुवात की है ताकि जो जनता गांव से दूर जाकर कोई काम नही करवा पाते हैं उनको भी इस कार्यक्रम में सीधा आवेदन जमा करने का लाभ मिल सके। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, बीडीओ छंदा भट्टाचार्य, सरवन साहू, कुलदीप साहू, सनाउल्लाह अंसारी सहित प्रज्ञा केंद्र, कृषि, शिक्षा सहित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### मोटर साइकिल चोरी के दो आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव ईट भट्ठा से अपाची मोटर साइकिल संख्या जे एच 01 ए एन 4386 की चोरी 10 अप्रैल को हो गया था। वही डाडू गांव निवासी अफसर अंसारी की पत्नी रेहाना खातून ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी 29 अगस्त को देते हुए बताया था कि 10 अप्रैल 2024 को मेरा पति ईट भट्ठा में काम करने गया था। जिसके बाद काम के करने के क्रम में ही मोटर साइकिल की चोरी हो गया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी। साथ ही समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना, स्वास्थ्य संबंधित, बच्चों के परिवरिश में आ रही समस्या, विवादित जमीन में जलमीनार निर्माण, राशन डीलर बदलनें संबंधित, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीणों की बारी-बारी से समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान डंडई से आये मिथलेश सिंह ने आवेदन के माध्यम से बताया कि वे गृह रक्षा वाहिनी में एक सफल अभ्यर्थी है।


समस्या सुनते जिला आपूर्ति पदाधिकारी।

किंतु फॉर्म भरने के समय भूलवश डंडई ब्लॉक के स्थान पर डंडा ब्लॉक होने के कारण मेरा थाना वेरिफिकेशन नहीं किया जा रहा है। अतः उन्होंने ब्लॉक नाम का सुधार करने के लिए अनुरोध किया ताकि उनका थाना वेरिफिकेशन हो सके। सोनडीहा पंचायत के ग्रामीणों ने आवेदन के जरिये बताया कि उनके राशन डीलर के द्वारा समय पर वितरण नही किया जाता है। बार-बार राशन के लिए दौड़ाया जाता है, परेशान किया जाता है। अतः सभी ग्रामीणों ने अपने राशन डीलर बदलने संबंधित आवेदन डीएसओ को दिया। वहीं सरिता देवी तथा ललिता देवी ने आवेदनों के माध्यम से मुख्यमंत्री श्रमिक (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार) योजना के तहत उन्हें अभी तक कोई काम नहीं मिला है। अतः उनलोगों ने जल्द से जल्द काम दिलाने हेतु अनुरोध किया। इस प्रकार बारी-बारी से अन्य लोगों ने भी विभिन्न प्रकार की समस्याओं को पदाधिकारी के समक्ष रखा। आमजनों से प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

## खबर एक नजर में

### सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम में 1077 आवेदन प्राप्त

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र के रक्सी पंचायत में शुक्रवार को सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी, मुखिया प्रतिनिधी सतनारायण बैठा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधी साहेब राम सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित आवेदन देने और शिकायत करने पहुंचे थे। झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लिए आवेदन, अबुवा आवास योजना के लिए आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदन हर राशन कार्ड के लिए आवेदन, केसीसी संबंधित आवेदन, बिजली संबंधी आवेदन, राजस्व से संबंधित आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड संबंधी आवेदन स्वास्थ्य विभाग से आवेदन जेएसएलपीएस से आवेदन लघु कुटीर उद्योग से आवेदन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से आवेदन कल्याण विभाग से आवेदन सहित कुल 1077 आवेदन प्राप्त किए गए। वहीं कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। शेष आवेदन का ऑनलाइन किया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में गांव की सरकार कहे जाने वाले मुखिया कार्यक्रम में उपस्थित नहीं रही। कार्यक्रम में उपस्थित कई लोगों ने बताया की उक्त योजना के लिए कर्मियों द्वारा लगाए स्टॉल पर संबंधित फार्म उपलब्ध था। कार्यक्रम को लेकर बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी तथा एलआरडीसी बंशीधर नगर बड़ी-बड़ी शिविर का निरीक्षण कर लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक कराया।

### बिहार के नये डीजीपी बने आलोक राज

**पटना।** बिहार के नए डीजीपी के रुप में आलोक राज को मनोनित किया गया है। गृह विभाग ने शुक्रवार शाम इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। 31 सितम्बर को आर एस भट्टी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। उन्हें केंद्र सरकार ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएशएप) के डीजी बनाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सरकार ने भट्टी की जगह आईपीएस अधिकारी आलोक राज को डीजीपी बनाने का फैसला लिया है।

## स्पीड न्यूज

### इच्छुक मजदूरों को मनरेगा के तहत काम देना सुनिश्चित करें : मंत्री

**दरभंगा।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मनरेगा के तहत काम मांगने वाले मजदूरों को रोजगार सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। श्री कुमार ने शुक्रवार को दरभंगा समाहरणालय अवस्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जल जीवन हरियाली, जीविका के कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से श्री कुमार को अवगत कराया।

### सारण : सड़क हादसे में युवक की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के छपरा-सोनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 19 पर गुरुवार की देर रात सड़क दुघर्टना में घायल युवक की मौत आज इलाज के दौरान हो गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि अवतारनगर थाना क्षेत्र के हराजी गांव निवासी वशिष्ठ तिवारी का पुत्र विदेश कुमार त्रिपाठी उर्फ रुखानी गुरुवार की देर रात को मोटरसाइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान किसी अनियंत्रित वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिसके कारण विदेश घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे इलाज के लिए सोनपुर रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई है।

### गया : गोदाम से 15 लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी

**गया।** बिहार में गया शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से अपराधियों ने एक गोदाम से 15 लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि रामशिला मोड़ के समीप स्थित एक गोदाम से अपराधियों ने करीब 15 लाख रुपए मूल्य के सामानों की चोरी कर ली है। इस संबंध में गोदाम मालिक रविकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आज अहले सुबह अपने एक स्टाफ के साथ वह गोदाम पहुंचे तो देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है, उसके बाद जब उन्होंने दुकान के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। गोदाम सेफ एक्सप्रेस नाम से संचालित हैं, लगभग 12 से 15 लाख रुपए मूल्य के सामानों की चोरी हुई है।

# रामाशीष यादव ने किया जनसम्पर्क अभियान, लोगों का मिला समर्थन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** भाजपा युवा नेता व भारत सरकार के सलाहकार रामाशीष यादव ने शुक्रवार को बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गावों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। सर्वप्रथम उन्होंने बेलहथ में जनसम्पर्क किया। जहां सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बेलहथ देवी मंदिर में माथा टेक कर जनसम्पर्क की शुरूआत की। मंदिर से निकल कर उन्होंने जनसभा को सम्बोधित किया। तत्पश्चात सोनपुरा, बरवाडीह, नारायन पुर, बनकट शिव स्थान, खरौंधा, जयनगरा, मोखापी, रानाडीह, सुंडीपुर आदि इलाकों में भ्रमण कर लोगों के साथ संबंध बनाते हुए संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने भी उन्हें जबरदस्त समर्थन देते हुए उनपर स्नेह लुटाया। जनसम्पर्क के दौरान आयोजित अनेक सभाओं में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मौके पर रामाशीष यादव ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को यहीं के कुछ लोगों ने लूटा है। हमारे पूर्वजों ने यहां के जल, जंगल, जमीन को संरक्षित किया। परंतु लुटेरों ने धरती माता के सीने को चीर कर यहां के खनिजों को लूट लिया। हमारे द्वारा संरक्षित किए गए सोना रूपी बालू को महंगे दामों पर बेचा गया परंतु स्थानीय लोगों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा। यहां के लोग सिर्फ श्रमिक बन कर रह गए हैं। न लोगों का विकास हो पाया, ना ही उनके जीवन स्तर में बदलाव आया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था के मजबूत होने से सभी काम अपने आप होने लग जाएंगे। इसलिए सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाइये। मौके पर विश्वनाथ यादव, राकेश राम, श्रीनाथ यादव, मिथिलेश यादव, नितेन्द्र कुमार, रघुवीर यादव, गणेश यादव, नरेश यादव, उदेश चौधरी, दशरथ साव, बैद्यनाथ राम, असरेश पाल, शिवनाथ चौधरी, सीताराम साव, मनोज चौधरी, राजेश पाल, परशु राम, प्रयाग चौधरी, सुशील कुमार, प्रिंस कुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


जनसंपर्क करते रामाशीष यादव।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन


उद्घाटन करते अतिथि।

**कांडी।** प्रखंड के कांडी पंचायत में झारखंड सरकार द्वारा जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके जिसको लेकर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन तालाब के समीप किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ राकेश सहाय, प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख सतेंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीससूत्री अध्यक्ष विकास उपाध्याय, जिला परिषद सदस्या सुषमा कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात पंचायत सचिव शाहिद अंसारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को फूल, माला व बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए 930, मुख्यमंत्री से सम्मान योजना हेत, एलएल 755, पेंशन 30, राशन 49, स्वास्थ्य 50, राजस्व 5, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा जॉब कार्ड 15, पशुपालन 38, कल्याण 2 एवं कृषि हेतु 5 आवेदन प्राप्त हुए।

## डंडई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के सोनेहारा पंचायत में शुक्रवार को हाई स्कूल के प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत ब्लॉक प्रमुख कांति देवी, अंचलाधिकारी राजकुमार प्रजापति, बीडीसी लालमुन्नी गुप्ता, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लिए एक आवेदन, अबुआ आवास योजना के लिए 558 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए सात आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 117 आवेदन हर राशन कार्ड के लिए 13 आवेदन, केसीसी संबंधित 16 आवेदन, बिजली संबंधी 31 आवेदन, राजस्व से संबंधित एक आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड संबंधी 50 आवेदन स्वास्थ्य विभाग से 115 आवेदन जेएसएलपीएस से 10 आवेदन लघु कुटीर उद्योग से दो आवेदन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 16 आवेदन कल्याण विभाग से एक आवेदन सहित कुल 938 आवेदन प्राप्त किए गए। 106 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कार्यक्रम पंचायत भवन प्रांगण में आयोजित था लेकिन वहां पर साफ सफाई नहीं रहने के कारण कार्यक्रम पास में ही पठन-पाठन का कार्य चल रहा हाई स्कूल के परिसर में कार्यक्रम आयोजित की गई। हाई स्कूल में पढ़ाई चलाता रहा और बगल में ही लाउडस्पीकर के माध्यम से कार्यक्रम संचालित होता रहा। जिससे पठन-पाठन का क्रिया प्रभावित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। मौके पर सीओ राजकुमार प्रजापति ने बताया कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसलिए पंचायत में चलकर सरकार आई है। सोनेहरा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हजारों जनता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न योजनाओं से लाभ लेने के लिए और अपनी समस्याओं का निदान के लिए संबंधित लिखित शिकायत किया। कई आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया है शेष आवेदन लंबित है।


उद्घाटन करते अतिथि।

# प्राथमिक विद्यालय से गायब रहते हैं प्रधानाध्यापक उपेंद्र यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रमना।** प्रखण्ड क्षेत्र मडवनिया पंचायत अन्तर्गत जुड़वनिया टोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में अधिकार से ही बच्चे वंचित है। संविधान के भाग तीन के अनुच्छेद उनतिस-तीस, छह से चौदह वर्ष के बच्चों के लिए निः शुल्क अनिवार्य शिक्षा के अधिकार की गारंटी देता है। जिसे समान्य परिस्थिति में सरकार भी सिमित नहीं कर सकता है। इस अधिकार का सुरक्षा प्रहरी सर्वोच्च न्यायालय है। फिर भी इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र यादव द्वारा इस विद्यालय के बच्चों को इस मूल अधिकार से ही वंचित रखा जा रहा है। उक्त विद्यालय एक से पाँचवी तक है जिसमें कुल दो सहायक संजय मेहता प्रतिनियुक्त उपेंद्र यादव इन दोनों के ही भरोसे इस विद्यालय में अध्ययनरत लेकिन दोनों नदारद है। नवनिहालो कि शिक्षा व्यवस्था कि जिम्मा दो शिक्षको की है। जिससे इन छात्रों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके लेकिन उक्त प्रधानाध्यापक के द्वारा भी कम मजदूरी पर वैसे बेरोजगार को पढ़ाने के लिए रखा जो आर्थिक रूप से कमजोर और तंगहाली में है। दोनों शिक्षक लोकेसन से अपना उपस्थिति बनाते रहते है। गुरुवार को करीब एक बजे विद्यालय मे प्रधानाध्यापक न सहयोगी शिक्षक विद्यालय मे नहीं थे, रसोईया देवन्ति कुंवर बच्चों को खाना खिला रही थी और साथ में संयोजिका इंदु देवी थी। जिसमें बच्चों को एमडीएम में केवल दाल और चावल खिलाया जा रहा था। इस सम्बन्ध में मौजूद रसोईया और संयोजिका से पूछने पर बतायी कि आज का यही मेनू है जबकी हर दिन बच्चों को एमडीएम में पोषाहार देना है। लेकिन यहाँ शिक्षा के साथ बच्चों के पोषाहार भी खा जा रहे हैं। इस सबंध में ग्रामीणों नें बताया कि इस विद्यालय में उपेंद्र यादव कभी आते ही नहीं है। केवल वेतन उठा रहे है। इस विद्यालय में एमडीएम की सारणी सूची भी नहीं है। पढ़ाये जाने वाले शिक्षकों के बारे में बच्चों नें बताया कि रामप्रवेश सर हमलोगों को पढ़ाते है। दोनों पदस्थपित शिक्षकों के बारे में बच्चे नहीं बोले।संयोजिका ने कहा कि रामप्रवेश और मैं बच्चों को पढ़ाते है। इतना ही नहीं विद्यालय में बच्चों के लिए बना शौचालय कि दयनीय स्थिति लटका ताला से साफ जाहिर हो रहा है कि उक्त शौचालय कभी खुला ही नहीं बच्चे बाहर खुले में शौच करने के लिए विवश है। इस सम्बन्ध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पाण्डेय से सम्पर्क किया गया लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।


भोजन करते बच्चे।

# जिले के चार लोगों ने जिसे पुत्र होने का किया दावा, वह निकला शातिर अपराधी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत अंतर्गत सेमरहत सहरसताल गांव में खोया हुआ पुत्र बताकर सत्तार अंसारी के घर में पिछले 15 दिनों से रह रहा शमशेर खान उर्फ राजा खान उर्फ एहसान खान बिहार, केरल, उड़िसा एवं झारखंड का शातिर अपराधी निकला। पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेजने के प्रक्रिया में जुट गई है।

इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार ने मझिआंव थाना में प्रेस वार्ता कर कहा कि 15 दिन पहले बिसुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत के पूर्व मुखिया मुन्ना अंसारी द्वारा ग्रुप में एक मैसेज दिया गया कि एक व्यक्ति जो अपना घर भूल गया है और पंद्रह सोलह साल पहले घर से बिछड़ गया था और अपने भाई का नाम असलम बता रहा है। इस सूचना पर मझिआंव थाना क्षेत्र के तलसबरिया पंचायत अंतर्गत गांव सहरसाताल के सत्तार अंसारी आये और उसे अपना बेटा मानकर घर ले गये और परिवार व रिश्तेदारों से मिलवाया कि मेरा खोया हुआ बेटा आ गया है। इस दौरान इस लड़के को अपना पुत्र बताने वाले कई लोग गढ़वा, मेराल एवं डन्डइ से आये और अपना अपना खोया हुआ पुत्र बताते हुए दावा करने लगे। डीएसपी ने कहा कि इसी दौरान वह सत्तार अंसारी के घर वालों को अपने विश्वास में लेता रहा तथा उनकी लड़की से छेड़खानी कर उसका विडिओ भी बनाता रहा। जब घर वालों को शक हुआ तो वे उसे थाना लेकर आये। जब उससे पूछा गया तो वह बार बार अपना नाम बदलने लगा। इसके बाद उसके मोबाइल चैट को देखा गया और सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बताना शुरू किया कि उसका नाम शमशेर खान उर्फ राजा खान, उर्फ एहसान खान (पिता फहीम खान, ग्राम मिलकी, थाना पीरो, जिला भोजपुर, बिहार) बताया। डीएसपी निरज कुमार ने कहा कि आगे उसने कहा कि वह बोकारो, गया, भोजपुर, केरल के एनार्कुलम, रांची, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, उड़ीसा एवं केरल में कई कांडों में जेल जा चुका है तथा लापता ब्यक्ति के नाम पर बेटा बनकर पूर्व में भी टाटा एवं उड़ीसा में घटना को अंजाम दे चुका है। डीएसपी ने कहा कि वह एक शातिर अपराधी है। उन्होंने कहा कि उक्त अपराधी का बड़ा भाई बिहार के समस्तीपुर में पुलिस सब इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है। लेकिन उसके घर वालों द्वारा उसे कानूनी तौर पर घर से बेदखल कर दिया गया है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस उसके अन्य अपराधों के बारे में भी बायोडाटा जुटा रही है कि कहीं उसका संबंध किसी अन्य संगठन से हो सकता है.उसके पास से कानपुर से चोरी किया गया मोबाईल भी बरामद किया गया है। डीएसपी ने कहा कि अभियुक्त शमशेर खान को मंझिआंव थाना कांड संख्या 84/2024 दिनांक 30, 08, 2024,धारा319(2)/318(4)/356(2)/74/75/77/332(ड)/327(4)/317(5)/212 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत जेल भेज दिया गया।

प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी आकाश कुमार, एसआई नसीम अंसारी एवं एएसआई आलोक कुमार शामिल थे।


प्रेस वार्ता करते डीएसपी नीरज कुमार।

## पेज एक का शेष

### चंपई की जगह ...

**चंपाई के इस्तीफे से खाली था मंत्री पद :** पूर्व मंत्री चंपाई सोरेन ने 28 को पार्टी और मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से हेमंत सरकार में एक मंत्री का पद खाली हो गया था।

झामुमो ने रामदास सोरेन को मंत्री बनाने का प्रस्ताव राज्यभवन को भेजा था, जिसे राज्यपाल ने स्वीकार कर लिया था।

वह झामुमो की पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई के अध्यक्ष भी हैं। उन्हें कोल्हान क्षेत्र के प्रभावशाली नेताओं में से एक माना जाता है। वह गुरुजी और चंपाई सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में सक्रिय भूमिका में रहे हैं। झारखंड आंदोलन के दौरान उन्हें कई बार गिरफ्तार किया गया।

### भाजपाइ हो गये ...

**इस सरकार को उखाड़ फेंके :** इस मौके पर शिवराज सिंह चौहान, हिमंता विस्वा सरमा तथा बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन अब भाजपा के परिवार में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि अब समय है कि इस सरकार को उखाड़ कर फेंक दें। अपने जीवन के महत्वपूर्ण पल बचपन से लेकर जवानी तक को आंदोलन में लगा दिया, उसे ही उनकी पुरानी पार्टी ने अपमानित किया। झामुमो में अब कुछ नहीं बचा है। यह पार्टी परिवार की पार्टी बन गयी है, पति पत्नी की पार्टी हो चुकी है। किसी सीनियर का सम्मान नहीं बचा है। शिवराज ने कहा कि झामुमो दलालों की पार्टी बन गयी है। अब जब चंपई सोरेन के हाथ में कमान मिली तो दलालों को हटाने का काम किया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई, वीवी महतो, दीपक प्रकाश, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा, पूर्व सांसद गीता कोड़ा, समीर उरांव समेत कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

**उत्सव का माहौल है: गीता कोड़ा :** गीता कोड़ा ने कहा कि चंपाई जी के भाजपा में आने से अलग ही उत्साह का माहौल है। झारखंड की स्थापना, इसका गठन लंबे संघर्ष के बाद हुआ था। अलग राज्य की लड़ाई में कई लोग शामिल थे जिसमें चंपाई सोरेन जैसे लीडर भी रहे। उनके साथ आने से इस राज्य के गठन के सपने को पूरा करने, अलग पहचान दिलाने के अभियान को बल मिलेगा।

### सभी लोग अधिक से...

वहीं बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, देवघर, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, साहिबगंज, सरायकेला-खरसांवा सहित अन्य जिलों के डीसी ने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट कर जनसंपर्क कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी है। हेंमत सोरेन ने सबसे पहले 15 नवंबर, 2021 को पंचायत स्तर पर लाभार्थियों के लिए शिविर लगाकर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की थी। इस पहल का उद्देश्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निपटारा करना है ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द लाभ मिलना शुरू हो सके। राज्य में 2021 में कुल 6,867 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 35.95 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इसी तरह 2022 में 5,696 शिविर लगाये गये और लगभग 55.44 लाख आवेदन आये। तीसरे चरण यानी 2023 में कुल 5,496 शिविर आयोजित किये गये और लगभग 58.26 लाख आवेदन प्राप्त हुए।

### झारखंड में घुसपैठ...

इस पर कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले का अगली सुनवाई 5 सितंबर निर्धारित की है। शुक्रवार को झारखंड में ट्राईबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट ने सोमवार की इस जनहित याचिका के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में प्रवेश रोकने को लेकर दाखिल जनहित याचिका को टैग करते हुए दोनों की सुनवाई में एक साथ करने का निर्देश दिया। **शपथ पत्र का दिया था आदेश :** पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने राज्य एवं केंद्र सरकार से पूछा था कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राईबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राईबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। धर्मांतरण क्यों हो रहा है उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया था कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है, सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश के राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

### पाक के वार्ता ...

पाकिस्तान यह कान खोलकर सुन ले कि उसको उसी की भाषा में जवाब दिया जायेगा, जो वह समझता है।

**बांग्लादेश पर भी दिया बयान :** विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश के साथ हमारे संबंध उस दिन से उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं, जब से उसकी स्थापना हुई है। हमें यह समझना होगा कि वहां अभी हाल ही में राजनीतिक बदलाव हुए हैं। जयशंकर का बयान उस समय आया, जब एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शंघाई सहयोग संगठन(रउड) की होने वाली बैठक के लिए आमंत्रित किया है।

स्पीड न्यूज

### छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा ढहने मामले में चेतन पाटिल गिरफ्तार

**मुंबई ।** महाराष्ट्र के मालवण मे स्थित राजकोट किले में बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने मामले में पुलिस ने चेतन पाटिल को सिंधुदुर्ग की पुलिस ने कोल्हापुर से गिरफ्तार कर लिया है। मालवण में सिंधुदुर्ग किले के पास राजकोट में बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के बाद शिवाजी को अपना आदर्श मानने वाले लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

### बीजापुर में 24 लाख का इनामी नक्सली धराया

**रायपुर ।** बीजापुर पुलिस ने 24 लाख रुपये के इनामी नक्सली कमांडर विकास उर्फ सैनू मुंशी जेट्टी पिड़ीमाला को इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र से बीमार हालत में गिरफ्तार किया है । उस पर छत्तीसगढ़ में 8 लाख और महाराष्ट्र में 16 लाख रुपये का इनाम है। दक्षिण गढ़चिरोली डिवीजन के अहेरी दलम के डिविजनल कमेटी सदस्य के रूप में सक्रिय विकास छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व तेलंगाना में 35 से अधिक व नक्सल घटनाओं का आरोपी है।

### मोदी आज तीन वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार दोपहर 12:30 बजे तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस मेरठ-लखनऊ, मदुरै-बेंगलुरु और चेन्नई-नागरकोइल सहित तीन मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार करेगी। मेरठ सिटी-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन से यात्रियों को दोनों शहरों के बीच मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। इसी तरह, चेन्नई एग्मोर-नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै-बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेनें क्रमशः 2 घंटे और 1 घंटे 30 मिनट में यात्रा पूरी करेंगी।

### पाक में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के अपर दीर जिले में आज तड़के हुए भूस्खलन की चपेट में आया एक घर ढह गया। इस हादसे में नौ बच्चों सहित एक ही परिवार के कम से कम 12 सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा है कि सभी 12 शवों को मलबे से निकाल लिया गया है। मृतकों में दो महिलाएं, एक पुरुष और नौ बच्चे शामिल हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान पूरे पाकिस्तान में तूफान के साथ भारी बारिश की भविष्यवाणी की है।

### यूक्रेन का एफ-16 विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कीव।** यूक्रेन का एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह लड़ाकू विमान रूसी मिसाइल और ड्रोन हमले में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। यूक्रेन की वायुसेना ने बताया कि लड़ाकू विमान सोमवार को उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब रूस ने यूक्रेन पर एक बड़ा मिसाइल और ड्रोन हमला किया।

# तीन लाख करोड़ का होगा रक्षा उत्पादन

## वार्षिक उत्पादन 1.27 लाख करोड़ पर : राजनाथ सिंह

एजेंसी

▶▶ 2029 तक 50,000 करोड़ के रक्षा निर्यात का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन और 50,000 करोड़ रुपये के रक्षा निर्यात का लक्ष्य है। श्री सिंह ने केरल के तिरुवनंतपुरम में एक कार्यक्रम में कहा कि मोदी सरकार के शासन में भारत अभूतपूर्व विकास, समृद्धि, सामाजिक सद्भाव और विकास के युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को हमेशा देश में सबसे बड़े बदलावों के लिए पहचाना जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक मजबूत अर्थव्यवस्था की पहली शर्त है और राष्ट्र आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने की दिशा में बड़ी प्रगति कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास और नवाचार के लिए एक मजबूत उत्पादन आधार और एक इकोसिस्टम बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि एक समय था जब देश रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे। लेकिन आज इस स्थिति में बदलाव आया है, उन्होंने कहा कि 65 प्रतिशत का निर्माण भारत की धरती पर किया जा रहा है और केवल 35 प्रतिशत आयात किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि वार्षिक रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और इस वित्त वर्ष में इसे 1.75 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि रक्षा



मंत्रालय 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेगा। श्री सिंह ने कहा कि आज हम भारत में बने रक्षा उपकरणों का निर्यात भी कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,000 करोड़ रुपये को पार कर गया। हमारा लक्ष्य 2029 तक रक्षा निर्यात को बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये तक ले जाना है अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत के बढ़ते कद के बारे में रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस और यूक्रेन की हाल की यात्राओं का जिक्र करते हुए कहा कि वह एकमात्र वैश्विक नेता हैं जिनकी बात दोनों देशों ने सुनी। उन्होंने कहा कि भारत आज ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी आवाज बन गया है। हर देश महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत की राय पर विचार करता है और सुनता है। प्रधानमंत्री को हाल ही में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। इसके साथ ही रूस उन 16 देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने हमारे प्रधानमंत्री को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। इन देशों में यूएई, सऊदी अरब, अफगानिस्तान, मालदीव और बहरीन जैसे मुस्लिम देश भी शामिल हैं। सिंह ने कहा कि देश ने पिछले दस वर्षों में ह्यमहत्वपूर्ण परिवर्तनह्न देखे हैं - आर्थिक सुधारों से लेकर बड़े सामाजिक परिवर्तन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन तक। उन्होंने सरकार के साथ-साथ इस बदलाव में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए लोगों को श्रेय दिया। उन्होंने कहा , ह्नपिछले 10 साल इतिहास में बदलाव के दशक के रूप में जाने जाएंगे और हमारे प्रधानमंत्री और सरकार को हमेशा सबसे बड़े परिवर्तन निर्माता के रूप में पहचाना जाएगा। भारत बड़े बदलाव के सिरे पर खड़ा है। यह भारत को अभूतपूर्व विकास, समृद्धि, सामाजिक सद्भाव और वृद्धि के युग में ले जाएगा।ह्नसशस्त्र बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, श्री सिंह ने कहा कि सेना में महिलाओं के प्रवेश की कई बाधाएं दूर कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों के तीनों अंगों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है।

### मृत्युदंड का सख्ती से हो पालन

राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। कोलकाता में हाल ही में हुई दिल दहला देने वाली घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। हमने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया है। इस कानून का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

### फाइटर जीई-414 इंजन अब भारत में ही बनेंगे

लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होने वाले जीई-414 इंजन अब भारत में बनाए जाएंगे। यह एक टर्बोफैन इंजन है, जिसका इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और कई देशों के फाइटर जेट्स में किया जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जीई-414 इंजन अब भारत में बनाए जाएंगे, यह देश की इंजन निर्माण क्षमता में उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने अपनी हाल की अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उनकी अमेरिकी रक्षा कंपनियों के साथ उपयोगी चर्चा हुई और वे मेक इन इंडिया कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब देश रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य देशों पर निर्भर था। लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे।



## नये कैबिनेट सचिव डॉ.सोमनाथन ने संभाला पदभार, गौबा हुये रिटायर

**नयी दिल्ली। डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को राजीव गौबा की सेवानिवृत्ति के बाद भारत सरकार में नए कैबिनेट सचिव के रूप में पदभार संभाल लिया। वह तमिलनाडु कैडर (1987 बैच) के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी की है। डॉ. सोमनाथन ने केंद्र में प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। उन्होंने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में भी कार्य किया। वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक में कॉर्पोरेट मामलों के निदेशक के रूप में प्रतिनियुक्ति पर रहे। कैबिनेट सचिव के रूप में शामिल होने से पहले वह वित्त सचिव और व्यय विभाग के सचिव का प्रभार संभाल रहे थे। तमिलनाडु राज्य सरकार में डॉ. सोमनाथन ने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया, जैसे चेन्नई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, मुख्यमंत्री के सचिव और कार्यान्वयन के महत्वपूर्ण चरण के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव और वाणिज्यिक कर आयुक्त थे।**

### विजन 2047 के तहत बन रही है विश्व स्तरीय सड़कें : अनुराग जैन

**नयी दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि देश में ढांचागत विकास को सुदृढ़ बनाने के लिए विकसित भारत की संकल्पना के अनुसार 2047 विजन के तहत विश्व स्तरीय सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। मंत्रालय में सचिव अनुराग जैन ने विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ शुक्रवार को बातचीत में बताया कि मंत्रालय की विजन 2047 डिजिटल परिवर्तन, हरित गतिशीलता, समावेशी विकास और सतत विकास के माध्यम से विश्व स्तरीय सड़क नेटवर्क की कल्पना है और इसके तहत विश्व स्तरीय सड़कों के निर्माण पर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने पिछले दशक में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का महत्वपूर्ण विस्तार करते हुए सड़कों के निर्माण में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर सड़क तंत्र को ज्यादा टिकाऊ बनाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के साथ हरित विश्व स्तरीय सड़क नेटवर्क की कल्पना के तहत काम कर रहा है।

## पेंशन का नया फार्म जारी

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए भरना होगा आसान : जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों को अब पेंशन फार्म भरने में आसानी होगी। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत देने के लिए कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को सरल पेंशन आवेदन पत्र जारी किया। इसके तहत कुल नौ अलग-अलग फार्म को फार्म 6ए में मिला दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसे लॉन्च किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए एकीकृत फार्म को इस तरह डिजाइन किया गया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए इसे भरना आसान होगा। पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और इसे भरने में समय भी बहुत कम लगेगा। इतना ही नहीं, कई फार्म को संभालने का झंझट भी नहीं रहेगा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस यूजर फ्रेंडली फार्म से लाखों वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।इससे वे अपने पेंशन संबंधी मामलों का अधिक आसानी और सुविधा के साथ प्रबंधन कर सकेंगे। सरकार वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने और



राष्ट्र के विकास के लिए उनके ज्ञान और अनुभव का उपयोग करने को लेकर प्रतिबद्ध है। यह नवीनतम पहल हमारी बुजुर्ग आबादी के जीवन को सीधे प्रभावित करने वाली व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रमाण है। सरकार इस तरह के सुधारों को आगे बढ़ा रही है और वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि बुजुर्ग लोग अपने समय का मानसिक शांति के साथ आनंद लें। साथ ही वे 'विकसित भारत' की पहल में भी योगदान दें।

## इंदिरा गांधी से जितना प्यार किया जाता था, उतना ही गुस्सा भी : कंगना रनौत

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म इमरजेंसी इंदिरा गांधी का मुख्य किरदार निभाने वाली कंगना रनौत ने कहा कि इंदिरा गांधी एक ऐसी शख्सियत हैं, जिनसे जितना प्यार किया जाता था, उतना ही गुस्सा भी किया जाता था। उन्हें अभिनव चंडी, दुर्गा तथा अन्य विशेषण दिए गए। आज कुछ लोग मोदी को राम का अवतार मानते हैं। लोग तब इंदिरा गांधी को दुर्गा का अवतार मानते थे। इसलिए, यह पहली बार नहीं है कि मोदी को राम का अवतार माना गया है, लेकिन इन सबके बावजूद इंदिरा गांधी देश के ही खिलाफ चली गईं। यह मेरे लिए बहुत रोमांचक था। उन्होंने कहा कि उनके करीबी व्यक्ति पुपुल जयकर ने इंदिरा गांधी की जीवनी लिखी है। इसमें इंदिरा गांधी ने उस दौरान अपने गुरु कृष्णमूर्ति से आपातकाल को लेकर



हुई बातचीत के बारे में बताया है। कृष्णमूर्ति ने तब इंदिरा गांधी से कहा था कि आप इस आपातकाल को खत्म करें। यह तो तुम बहुत बड़ा पाप कर रही हो। तो इंदिरा गांधी ने उनसे कहा कि मैं एक अत्यंत क्रूर राक्षस पर सवार हूं। मैं अब नहीं रुक सकती। यदि मैं रुकी तो यह राक्षस मुझे खा जायेगा। इससे मुझ पर बहुत प्रभाव पड़ा।

### लखनऊ में संयुक्त कमांडरों का सम्मेलन चार सितंबर से

**नयी दिल्ली।** सशस्त्र बलों के भीतर आंतरिक प्रक्रिया सुधार' करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों का संयुक्त कमांडर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। भारतीय सैन्य बलों का यह संयुक्त कमांडर सम्मेलन (जेसीसी) 04-05 सितंबर को लखनऊ के मध्य कमान मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भविष्य के संघर्षों के लिए तैयारी, तीनों सैन्य सेवाओं के बीच संयुक्तता और सेनाओं के एकीकरण पर चर्चा होगी।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह पहला दो दिवसीय संयुक्त कमांडर सम्मेलन है। इसका विषय 'सशक्त एवं सुरक्षित भारतः सशस्त्र बलों का रूपांतरण' है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस सम्मेलन में भाग लेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह सम्मेलन सशस्त्र बलों के भीतर आंतरिक 'प्रक्रिया सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा।

## जेपीसी ने वक्फ विधेयक पर जनता से मांगे सुझाव

एजेंसी

▶▶ दूरभाष 23034440/ 23035284, फैक्स नंबरः 23017709 को भेज सकते हैं अपना सुझाव

**नयी दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त संसदीय समिति ने जन सामान्य से इस विधेयक के संबंध में उनके विचार और सुझाव देने का अनुरोध किया है। संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष लोकसभा सदस्य जगदंबिका पाल ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के व्यापक प्रभावों पर विचार करते हुए इस संबंध में सामान्य रूप से जनता और विशेष रूप से गैर-सरकारी संगठनों/विशेषज्ञों/हितधारकों और संस्थानों से विचार/सुझाव वाले ज्ञापन आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। लोकसभा में यथा पुरस्थापित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को जांच और प्रतिवेदन के लिए संसद की संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया है। समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य हैं। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि समिति को लिखित ज्ञापन/सुझाव प्रस्तुत करने के इच्छुक लोग , उनकी दो प्रतियां अंग्रेजी अथवा हिन्दी में संयुक्त सचिव (जेएम), लोक सभा सचिवालय, कमरा नं 440, संसदीय सौंध, नई दिल्ली-110001, दूरभाष 23034440/ 23035284, फैक्स नंबरः 23017709 को भेज सकते हैं और इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर 'जेपीसीवक्फ डैश एलएसएस एट संसद डॉट एनआईसी डॉट इन पर ईमेल कर सकते हैं ।




## मूडीज ने भारत का जीडीपी ग्रोथ रेट बढ़ाया

एजेंसी

▶▶ अमेरिकी रेटिंग एजेंसी ने विकास दर को 7.2 % किया
▶▶ अच्छा मानसून होने से बंपर फसल होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज की ओर से 2024 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया गया है, जो कि पहले 6.8 प्रतिशत था। विकास दर अनुमान में बढ़ोतरी की वजह देश में निजी खपत का तेजी से बढ़ना है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने कहा कि देश में महंगाई में कमी आने के चलते पारिवारिक खपत में बढ़ोतरी हो रही है। सामान्य से अच्छा मानसून रहने के कारण बंपर फसल होने की उम्मीद है, जिसके कारण ग्रामीण मांग वापस लौट रही है। आगे कहा कि इस अनुमान में हमने



माना है कि आगे मजबूत वृद्धि दर देखने को मिलेगी। मूडीज का यह अनुमान आरबीआई के अनुमान के बराबर है। केंद्रीय बैंक के अनुमान के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। इसकी वजह देश में ग्रामीण और शहरी मांग में बढ़ोतरी होना है। आरबीआई की ओर से वृद्धि दर अनुमान के दौरान बताया गया था कि देश में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिल सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आय बढ़ेगी और इसका असर विकास दर पर होगा। मूडीज द्वारा 2025 के लिए विकास दर अनुमान को भी 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया गया है। मूडीज ने कहा कि भारत की मध्यम से लंबी अवधि की वृद्धि दर देश में श्रम के पर्याप्त पूल पर निर्भर करती है। मौजूदा माहौल में देश आराम से 6 से 7 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर हासिल कर सकता है।

## नये शिखर पर शेयर बाजार सेंसेक्स 82,365 पर पहुंचा

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के सितंबर से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार नौवें दिन चढ़कर नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 231.16 अंक की तेजी के साथ 82,365.77 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 83.95 अंक चढ़कर 25,235.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.53 प्रतिशत मजबूत होकर 49,065.36 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 56,021.55 अंक हो गया। बीएसई में कुल 4045 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1709 में बिकवाली हुई वहीं 115 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियों में बढ़त जबकि नौ में गिरावट रही।

